GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

# सिकरीगंज थाने में एसएसपी ने किया जनसुनवाई केंद्र का उद्घाटन

**सिकरीगंज (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने सोमवार को सिकरीगंज थाने में जनसुनवाई कक्ष एवं कंप्यूटर कक्ष व शौचालय का फीता काट कर उद्घाटन किया।

**मौके पर क्षेत्रीय विधायक अन्य लोग थे उपस्थित**

दक्षिणांचल का सिकरीगंज थाना क्षेत्र का इलाका लम्बा है। थाना परिसर में जनसुनवाई केन्द्र और शौचालय का निर्माण होने ने इलाके के लोगों को बड़ी राहत मिलेंगी।



इस मौके पर विधानसभा खजनी के विधायक श्री राम चौहान एवं उरुवा ब्लाक प्रमुख पा शंकर उर्फ जुगनू दुबे मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह, थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, विरेन्द्र यादव, मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह , अजय ओझा , सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कमलेश दूबे, झिनकान तिवारी, टुनटुन ओझा, गुड्डू सिंह, प्रमोद जायसवाल, अरविंद सिंह उर्फ जोखन सिंह, बलवंत सिंह सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले सम्मानित

**झंगहा (एसएनबी)।** झंगहा थाना परिसर में चौरी चौरा क्षेत्राधिकारी मानुष पारीक की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीडीसी, क्षेत्र के अनेक व्यवसायी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा ने कहा कि चौराहे व सार्वजनिक जगहों व हर लोगों को अपने घरों पर सीसी कैमरा लगवाने की आवश्यकता है। सभी ग्राम प्रधान व बीडीसी जिला पंचायत सदस्य से क्षेत्राधिकारी ने अपील किया कि वह हर सार्वजनिक जगहो, चौराहो पर सीसी कैमरा लगवाएं ताकि अपराध पर नियंत्रण किया जा सके। सीसी कैमरा लग जाने से सभी लोग सुरक्षित रहेंगें। हर घटना का आसानी से साक्ष्य उपलब्ध हो जाएगा। जिस पर उपस्थित सभी लोगों ने शीघ्र ही सीसी कैमरा लगवाने का आश्वासन दिया ।



इस अवसर पर 6 ग्राम प्रधानों को अपने ग्राम सभा में सीसी कैमरा लगवाने पर क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा ने माला पहना कर सम्मानित किया। इसके उपरांत क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मानुष पारीक, थानाध्यक्ष झंगहा गौरव राय कनौजिया ने झंगहा चौराहे के अनेक व्यवसायियों की दुकानों पर जाकर उन्हें सीसी कैमरा लगवाने के लिए आग्रह किया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष झंगहा गौरव राय कनौजिया, यस आई आलोक राय, चौकी इंचार्ज नई बाजार कृष्ण कुमार गुप्ता, गोबड़ौर चौकी इंचार्ज उदय भान सिंह, बरही चौकी इंचार्ज राम गिरीश चौहान, मोतीराम चौकी इंचार्ज वीरेंद्र बहादुर सिंह एसआई देवी शंकर पांडे, एसआई शुभम श्रीवास्तव, एसआई अजय वर्मा, एस आई हवराम सिंह, एसआई वंश बहादुर यादव सहित रविंद पासवान, नागेंद्र सिंह, संदीप निषाद, गोविंद यादव, आकाश उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य रामप्रीत यादव, इंद्रजीत यादव, रामनिवास यादव, जगदीश कुमार गुप्ता, महंत प्रसाद गुप्ता, मनदीप निषाद, दुर्गेश यादव , शिवाजी सिंह, कपिल देव यादव, दयासागर निषाद, अब्दुल हन्नान खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनता इंटर कॉलेज में मना जागरूकता यातायात माह

**शाहपुर (एसएनबी)।** बेलघाट विकास खंड क्षेत्र के शाहपुर जनता इंटर कॉलेज के प्रांगण में जागरूकता यातायात माह के अवसर पर मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष बेलघाट चन्द्रभान सिंह



ने कहा कि बच्चों जब सड़क पार करना तो ध्यान में रखना पहले अपने दायें देखे फिर अपने बाएं फिर देखें, वाहन देखकर रुक जाना, इसमें आपकी सुरक्षा आपके हित में होगा। इस मौके पर सभा को जनता इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल ब्रह्मानंद देव पाण्डेय, अखंड प्रताप सिंह, अमरनाथ, जितेन्द्र यादव, प्रधानाचार्य कमलेश चंद राणा, राकेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, मार्कण्डेय, मुकेश जैसवाल, प्रतिमा यादव, अंकिता गुप्ता, रामसुंदर, डॉ. सुरेश गुप्ता, रेनू, अर्चना गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, योगेन्द्र यादव, अर्पित वर्णवाल, सुषमा गुप्ता, प्रियंका, काजल यादव, रहमान अंसारी, प्रसिद्ध यादव, सबा परवीन आदि बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहें।

# रक्त देकर चौकी इंचार्ज ने बचाई गर्भवती की जान

गोरखपुर (एसएनबी)।कैन्ट थाने के यूनिवर्सिटी चौकी इंचार्ज अमित चौधरी ने ब्लड देकर एक गर्भवती की जान बचा ली। गर्भवती के डिलेवरी का अपरेशन चल रहा था और उसमें उसे 2 यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। गर्भवती के परिजनों ने ट्विटर पर मैसेज डाला जिसको देखने के बाद चौकी इंचार्ज हास्पिटल पहुंच गए और रक्तदान किया ब्लड मिलने के बाद गर्भवती के परिजनों ने चौकी इंचार्ज का धन्यवाद किया।

**इसके पूर्व भी चौकी इंचार्ज अमित चौधरी कर चुके हैं रक्तदान**

जानकारी के अनुसार निधि राय नामक एक महिला गर्भवती थी वह छात्रसंघ चौराहा स्थित पल्स हस्पिटल में भर्ती थी रविवार को उसके डिलेवरी का अपरेशन हो रहा था। दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। महिला के किसी परिचित ने ट्विटर पर सूचना डाली जिसको देखने के बाद चौकी इंचार्ज अमित चौधरी पहुंचे व उसे ब्लड डोनेट किया । इससे पहले भी चौकी इंचार्ज कई लोगों के इलाज में भी आर्थिक मदद कर चुके हैं।

# चौकीदार ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाने के चौकीदार को बोलेरों सवार ने ठोकर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल चौकीदार को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। चौकीदार का आरोप है कि थाने पर केस दर्ज नहीं किया गया जिससे चौकीदार आज कप्तान से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। हरपुर बुदहट थाना पर तैनात चौकीदार लालचंद पुत्र रमाकांत यादव निवासी टिकरियानाथ सिंह जो 9 अक्टूबर को आशापार चौराहे से सामान लेकर घर रात में लौट रहा था। पुरानी रंजिश में गाँव के ही कुछ लोगों ने सफेद बोलेरो गाड़ी से चौकीदार को ठोकर मार दिया था। जिससे चौकीदार बुरी तरह घायल हो गया था उसके पैर की अंगुली कट गई थी और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था, जिसका गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। चौकीदार के पिता रमाकांत ने डायल 112 और थाने पहुंचकर आरोपियो के खिलाफ लिखित शिकायत की थी लेकिन अभी तक ना ही आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और ना ही आरोपियो के ऊपर कोई कार्रवाई ही गई। घायल चौकीदार को उसके थाने पर ही इंसाफ नही मिल पा रहा है।सोमवार को चौकीदार के पिता ने एसएसपी कार्यालय में लिखित शिकायत देकर आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# नौकरानी ने रची थी रेलकर्मी के घर लूट की साजिश, चार गिरफ्तार

**उरूवा इलाके के जगदीशपुर की घटना**

**मुकदमे में बढ़ाई जाएगी डकैती की धारा, लूट का करीब 1लाख रूपये व दो तमंचा और दो बाइक बरामद**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** उरुवा इलाके के जगदीशपुर में रिटायर्ड रेलकर्मी रामाश्रय विश्वकर्मा के घर लूट की साजिश उनकी नौकरानी ने ही रची थी। इंस्पेक्टर सुनील निषाद व उनकी टीम ने सोमवार को आरोपी नौकरानी शिवकुमारी, विकास यादव, मुकेश यादव, हर्ष यादव और अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मुकदमें में डकैती की धारा भी बढ़ाएगी। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचा, दो कारतूस, दो बाइक और लूट का एक लाख 15 हजार रूपये बरामद कर लिया। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि उरूवा के जगदीशपुर निवासी रामाश्रय विश्वकर्मा रेलवे में बड़े बाबू के पद पर कार्यरत थे। 2013 में वह रिटायर्ड हुए हैं। वर्तमान में वह अपने दोनों बेटो व बहू से अलग होकर दूसरे मकान में रहते हैं। उन्होंने खाना बनाने के लिए पिछले तीन माह से बेलघाट के रसूलपुर निवासी शिवकुमारी को रखा था। वह रामाश्रय के साथ ही घर में रहती थी। रामश्रय उसे 10 हजार रूपये मासिक वेतन देते थे। साथ ही उसकी आर्थिक मदद भी करते थे। बीते 14 नवंबर 2022 की रात बजे रामाश्रय ने फोन कर सूचना दिया कि उनके घर में तीन लोग घुस कर लूट किए हैं। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने 6 लाख कैश व करीब 4 लाख का जेवरात लूटा गया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि नौकरानी शिवकुमारी पूरी घटना में लुटेरों से मिली है। पुलिस को मौके से ही एक दूसरे बाक्स में से लूटे गए जेवरात मिल गए।

वहीं पुलिस विवेचना में पता चला कि गोला गोपालपुर के अभिषेक ने लूट के लिए बाइक दी थी और वह घर के बाहर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था। जबकि गोला के शिवपुर निवासी विकास यादव, बेलघाट के रसुलपुर माफी निवासी मुकेश यादव और गोला के देवकली निवासी हर्ष यादव घर में दाखिल हुए थे और एक ने नौकरानी शिवकुमारी को पकड़ा तो दूसरे ने रिटायर्ड रेलकर्मी को पकड़ा और तीसरे ने आलमारी से कैश निकाला। जिसके बाद पुलिस ने सभी पांच आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। घटना के एक दिन पहले इन सभी ने रेकी भी की थी।

एसपी साउथ ने बताया कि नौकरानी बुजुर्ग से पहले भी लाखों रूपये ऐंठ चुकी है। हाल ही में उसने बुजुर्ग से अपने बेटे के लिए 90 हजार की बाइक खरीदवाई थी। आरोपी मुकेश और हर्ष पर दो दो केस तो अन्य पर एक एक केस दर्ज हैं।

# टास्क फोर्स ने जब्त किया 10 ठेला

गोरखपुर (एसएनबी)। नगर निगम के इंफोर्समेंट टास्क फोर्स ने सोमवार को रेलवे स्टेशन रोड पर अभियान चलाया। टीम ने 10 ठेले जब्त किए। इनमें सात ठेले सामान से भरे थे। एक ठेला और कुछ सामान पार्क रोड के स्टोर में जमा कराया गया। बाकी नौ ठेला रेलवे स्टेशन के चौकी प्रभारी के पास जमा कर दिया गया है।

टास्क फोर्स के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने कहा कि रेलवे स्टेशन रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कुछ लोग मनमानी कर रहे हैं। अब इन लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को रेलवे स्टेशन चौकी प्रभारी और यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। पहले सभी को चेतावनी दी गई। इसके बाद भी जिन्होंने ठेला नहीं हटाया, उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान यातायात निरीक्षक धर्मेद्र कुमार सिंह, रेलवे स्टेशन चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। प्रवर्तन बल के प्रभारी ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग के साथ शास्त्री चौक, घोष कंपनी और आंबेडकर चौराहा के पास पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। तीन किलोग्राम पालीथिन जब्त कर 44 सौ रुपये जमा कराए गए है। इस दौरान सोनू चौधरी, विवेक सैनी आदि मौजूद रहे ।गोरखपुर


रेलवे स्टेशन के सामने से अतिक्रमण हटाता नगर निगम दस्ता। फोटो : एसएनबी

(एसएनबी)। नगर निगम के इंफोर्समेंट टास्क फोर्स ने सोमवार को रेलवे स्टेशन रोड पर अभियान चलाया। टीम ने 10 ठेले जब्त किए। इनमें सात ठेले सामान से भरे थे। एक ठेला और कुछ सामान पार्क रोड के स्टोर में जमा कराया गया। बाकी नौ ठेला रेलवे स्टेशन के चौकी प्रभारी के पास जमा कर दिया गया है।

टास्क फोर्स के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने कहा कि रेलवे स्टेशन रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कुछ लोग मनमानी कर रहे हैं। अब इन लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को रेलवे स्टेशन चौकी प्रभारी और यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। पहले सभी को चेतावनी दी गई। इसके बाद भी जिन्होंने ठेला नहीं हटाया, उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान यातायात निरीक्षक धर्मेद्र कुमार सिंह, रेलवे स्टेशन चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। प्रवर्तन बल के प्रभारी ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग के साथ शास्त्री चौक, घोष कंपनी और आंबेडकर चौराहा के पास पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। तीन किलोग्राम पालीथिन जब्त कर 44 सौ रुपये जमा कराए गए है। इस दौरान सोनू चौधरी, विवेक सैनी आदि मौजूद रहे।

# मां के बाद बेटी की हत्या के फिराक में था राकेश

**महिला हत्याकांड का खुलासा**

**रमवॉपुर में अंडा की दुकान से दबोचा गया हत्यारोपित**

**रविवार की रात में एक और वारदात को देना चाहता था अंजाम**

**सुलह समझौता करने से इनकार करने पर महिला को उतारा था मौत के घाट**

गोरखपुर (एसएनबी)। पिछले दिनों पिपराइच थाने के हेमधापुर में भगनानी देवी की गला काटकर हत्या का आरोपी 15 हजार का इनामी राकेश सिंह को एसओ पिपराइच सूरज सिंह ने रमवापुर के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में प्रयोग की गई चाकू को बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी राकेश छेड़खानी व मृतका के बेटी को चाकू मारकर हत्या के मुकदमे में सुलह करने के लिए भगनानी देवी पर दबाव बना रहा था। महिला ने सुलह समझौता करने से मना कर दिया जिससे उसकी हत्या कर दी। हत्या के वाद राकेश फरार हो गया और रमवापुर चौराहे पर अंडा खाने के बाद रात में मृतका की बेटी की भी हत्या की योजना बनाया था।

सोमवार को एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने महिला हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि 15 नवम्बर 2022 की दोपहर हेमधापुर निवासी सुरेंद्र की 46 वर्षीय पत्नी भगवानी देवी धान के खेत में बकरी चराने गई थी। इस दौरान गांव का ही राकेश सिंह वहां आया और चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी युवक फरार हो गया था। खेत की ओर से गुजर रहे महिला के देवर योगेंद्र ने उसके शव को देखा और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस राकेश पर हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। आरोपी पर 15 हजार का इनाम भी है। थानेदार सूरज सिंह व उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशकर जेल भेजवा दिया।


हत्याकांड का खुलासा करते एसपी नार्थ मनोज अवस्थी। फोटो : एसएनबी

जांच में सामने आया कि राकेश ने 2019 में भगवानी देवी की बेटी के साथ छेड़खानी की थी और विरोध करने पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया था जिसके बाद पुलिस ने भगवानी की तहरीर पर राकेश के खिलाफ छेड़खानी व हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब डेढ़ साल के बाद वह जमानत कराकर बाहर निकला और वह मुकदमे का सुलह करने का दबाव भगवानी पर बना रहा था लेकिन महिला ने सुलह करने से मना कर दिया जिसके बाद 15 नवम्बर की दोपहर महिला भगवानी अकेले खेत मे मिल गई जिसके बाद राकेश ने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी राकेश पर कुल 3 मुकदमे दर्ज हैं।

गिरफ्तारी के बाद राकेश ने पुलिस को बताया कि हत्या के प्रयास के मामले में जेल से बाहर आने के बाद परिवार के लोग सुलह करने के लिए राजी हो गए थे लेकिन युवती की मां सुलह करने से मना कर दी थी। मुझे लगा की कोर्ट से सजा हो सकती है लिहाजा 15 नवम्बर को महिला की गला काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह इलाके में ही छिपा रहा और रविवार की रात में वह मृतका की बेटी की हत्या की योजना बनाया था। पुलिस को पहले से अंदेशा हो गया था कि वह बेटी पर हमला कर सकता है, लिहाजा उसकी सुरक्षा में पुलिस तैनात कर दी गयी हैं।

**अपहरण का मुकदमा दर्ज** : पिपराइच थाना क्षेत्र की निवासी एक लड़की के पिता की तहरीर पर सोमवार को पिपराइच पुलिस ने हेमधापुर गांव निवासी जितेन्द्र सिंह पर लड़की के अपहरण व जानमाल की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है।

लड़की के पिता के अनुसार 21 वर्षीय लड़की को 22 अक्टूबर को जितेन्द्र सिंह नामक लड़का भगा ले गया। अब लड़की को जानमाल की धमकी दे रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी गांव में लड़की से छेड़छाड़ के मुकदमे में सुलह से इंकार करने पर पिछले सप्ताह एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी।

# व्यापारी के पेटीएम से कर्मचारी ने दस लाख हड़पा

**गोरखपुर(एसएनबी)।** कैंट थाने के गोलघर स्थित आटो मोबाइल के व्यापारी के पेटीएम से उनके ही कर्मचारी ने धीरे धीरे 10 लाख रूपये अपने खाते में रिफंड करा लिया। रिफंड कराए गए रकम से आरोपी कर्मचारी ने डीजे खरीद कर अपना खुद का व्यापार शुरू कर दिया। कैंट पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर केस दर्ज कर



रुपये हड़पने वाले के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई। फोटो : एसएनबी

आरोपी अंकुश पासवान निवासी कुलई अमटौरा थाना गीडा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गबन के पैसे से खरीदे गए डीजे को भी बरामद कर लिया है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गोलघर के गणेश चौराहे पर वशिष्ठ नारायण पांडेय की पांडेय आटो मोबाइल्स नामक टायर की दुकान है। उनके दुकान पर अमटौरा निवासी अंकुश पासवान डेढ वर्षो से काम करता है। उसके साथ ही दुकान पर दो अन्य कर्मचारी भी काम करते हैं। दुकान पर ग्राहको की काफी भीड़ रहती है। कई बार ग्राहकों का दिया हुआ पैसा जब तकनीकी कारण से उनके खाते में नहीं आ पाता था तो वह अंकुश पासवान के खाते में पेटीएम से मंगा लेते थे। बाद में अंकुश के खाते से पेटीएम बिजनेस द्वारा अपने खाते में ले लेते थे। जब अंकुश पेटीएम के काम में निपुण हो गया तो अप्रैल 2022 से अंकुश पासवान ग्राहको का पैसा पेटीएम से अपने खाते में ले लेता था और फिर उस पैसे को दुकान मालिक के खाते में भेज देता था।

**आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार**

**रकम से खरीदे गए डीजे को पुलिस ने किया बरामद**

बाद में उस भेजे गए पैसे को अपने खाते में रिफंड सिस्टम के जरिए वापस ले लेता था। इस तरह से करीब लाख रूपये अंकुश ने अपने खाते में मंगा लिया। जब दुकान के मालिक को अंदेशा हुई कि बार -बार मेरे मोबाइल पर पैसा रिफण्ड होने का मैसेज क्यों आता है तो उन्होंनें अपने एकाउण्टेन्ट से इस विषय में पूछा। एकाउण्टेन्ट को भी जानकारी न होने के कारण बताया गया कि यह पैसा वापस हो जाएगा। जब सेठ ने आडिट कराया तो उसे अंकुश के जालसाजी की जानकारी हुई। जिसके बाद वशिष्ठ ने अंकुश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

जिसके बाद इंस्पेक्टर शशि भूषण राय ,चौकी प्रभारी जटेपुर धीरेन्द्र राय और उनकी टीम ने अंकुश को कर लिया। पूछताछ में अंकुश ने स्वीकार किया कि करीब 10 लाख रुपया उसने रिफण्ड के माध्यम से गबन किया है और इसके द्वारा डीजे का सामान करीब 06 लाख का खरीदा है।

# चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार, सामान बरामद

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने सोमवार को चोरी के मामले में दो शातिर चारों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया है। दोनों चोरों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि पकड़े गए चोरों की पहचान गुड्डू निषाद उर्फ विमल प्रसाद पुत्र विजय निषाद निवासी पडहा टोला मोहद्दीपुर और मनीष साहनी उर्फ बंटी निवासी तरकुलानी टोला मोहद्दीपुर थाना कैंट के रूप में हुई है।

# धोखाधड़ी और मारपीट के आरोपित को दबोचा

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने मारपीट और धोखाधड़ी के आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान बड़हलगंज क्षेत्र के सिधुआपार गांव निवासी गोपाल पांडेय के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# नौकरानी ने रची थी लूट की साजिश

## शिकंजा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। उरुवा इलाके के जगदीशपुर में रिटायर रेलकर्मी रामाश्रय विश्वकर्मा के घर लूट की साजिश उनकी नौकरानी ने ही रची थी। इंस्पेक्टर सुनील निषाद व उनकी टीम ने सोमवार को आरोपी नौकरानी समेत चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मुकदमे में डकैती की धारा भी बढ़ाएगी। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचा, दो कारतूस, दो बाइक और लूट का 1.15 लाख रुपये बरामद कर लिया। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उरुवा के जगदीशपुर निवासी रामाश्रय विश्वकर्मा रेलवे में बड़े बाबू के पद पर कार्यरत थे। 2013 में वह रिटायर हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने सभी पांच आरोपियों नौकरानी शिवकुमारी, विकास, मुकेश, हर्ष यादव और अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर लिया।

# मारपीट में लापरवाही पर दो बीपीओ निलंबित

हरपुर बुदहट। हरपुरबुदहट इलाके के दवदारतुला और कैराडीह गांव के लोगों के बीच हुए विवाद में बीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) की लापरवाही सामने आने पर निलंबित कर दिया गया। एसएसपी ने थानेदार की रिपोर्ट पर दोनों गांवों के बीपीओ उपेंद्र कुशवाहा और अनिल सिंह यादव को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है। 15 नवंबर को दोनों गांवों के लोगों के बीच हूटिंग करने को लेकर मारपीट हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों पर हत्या के प्रयास, एससीएसटी व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया। लेकिन, जांच में सामने आया कि दोनों ही गांव के बीपीओ को घटना की सूचना ही नहीं मिली।

# पुलिस की निगरानी में हुआ अंतिम संस्कार

खोराबार। डिलेवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में सोमवार को खोराबार पुलिस की मौजूदगी में मृतका और नवजात का गौरीमंगलपुर के पास राप्ती किनारे अन्तिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पति दीपू साहनी ने दी। रविवार पीएचसी बेलवार पर महिला को मरा बच्चा पैदा हुआ था और गंभीर हाल में उसे सीएचसी में रेफर किया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

# व्यापारी के पेटीएम से कर्मचारी ने खुद के खाते में रिफंड करा लिया 10 लाख

## साइबर क्राइम

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कैंट थाने के गोलघर स्थित आटो मोबाइल के व्यापारी के पेटीएम से उन्हीं के कर्मचारी ने धीरे-धीरे 10 लाख रुपये अपने खाते में रिफंड करा लिया। रिफंड कराई गई रकम से आरोपी कर्मचारी ने डीजे खरीद कर अपना खुद का व्यापार शुरू कर दिया। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी अंकुश पासवान निवासी कुलई अमटौरा थाना गीडा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गबन के पैसे से खरीदे गए डीजे को भी बरामद कर लिया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गोलघर के गणेश चौराहे पर वशिष्ठ नारायण पांडेय की टॉयर की दुकान है। उनके दुकान पर अमटौरा निवासी अंकुश डेढ़ वर्षों से काम करता है। साथ ही दो अन्य कर्मचारी भी काम करते हैं। कई बार ग्राहकों का दिया हुआ पैसा जब तकनीकी कारण से उनके खाते में नहीं आ पाता था तो वह अंकुश पासवान के खाते में पेटीएम से मंगा लेते थे। बाद में अंकुश के खाते से पेटीएम बिजनेस द्वारा अपने खाते में ले लेते थे।

जब अंकुश पेटीएम के काम में निपुण हो गया तो अप्रैल 2022 से अंकुश ग्राहकों का पैसा पेटीएम से अपने खाते में ले लेता था और फिर उस पैसे को दुकान मालिक के खाते में भेज देता था। बाद में उस भेजे गए पैसे को अपने खाते में रिफंड सिस्टम के जरिए वापस ले लेता था। इस तरह से करीब 10 लाख रुपये अंकुश ने अपने खाते में मंगा लिया। जब दुकान के मालिक को शंका हुई कि बार-बार मेरे मोबाइल पर पैसा रिफण्ड होने का मैसेज क्यों आता है तो उन्होनें अपने एकाउंटेट से पूछा। एकाउंटेट को भी जानकारी नहीं होने के कारण बताया कि यह पैसा वापस हो जाएगा। जब दुकानदार ने आडिट कराया तो उसे अंकुश के जालसाजी की जानकारी हुई, जिसके बाद वशिष्ठ ने अंकुश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर शशिभूषण राय और उनकी टीम ने अंकुश को दबोच लिया।

**पैसा भेजकर कर लेता था रिफंड :** आटो मोबाइल के व्यापारी का कर्मचारी अंकुश अपने पेटीएम में ग्राहकों का पैसा मंगाता था। जब व्यापारी के खाते में ट्रांसफर करता कुछ देर बाद अपने खाते में रिफंड कर लेता था। तीन महीने में उसने 10 लाख रुपये अपने खाते में रिफंड करा लिया था।

## 3095 की बजाय 395 पेमेंट कर भागे

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के फातिमा बाईपास पर स्थित हार्डवेयर की दुकान पर रविवार की शाम एक युवक ने सामान लिया। कम रुपये ऑनलाइन पेमेंट कर भाग गया। कैंट इलाके के मोहद्दीपुर निवासी सुबोध कुमार सिंह का शाहपुर के फातिमा बाईपास स्थित शिखर ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। सुबोध ने बताया कि रविवार की शाम को कुछ ग्राहक दुकान पर सामान लेने के लिए आए थे। इसी दौरान एक युवक आया और 20 लीटर पेंट, पॉलिश और ब्रश लिया, जिसका 3095 रुपये हुआ लेकिन युवक ने 395 रुपये ऑनलाइन पेमेंट कर भाग गया।

# छात्रा का पीछा कर रहे शोहदों की परिजनों ने की पिटाई

**भटहट, हिन्दुस्तान संवाद।** गुलरिहा क्षेत्र के भटहट कस्बे से कोचिंग कर घर जा रही छात्रा का पीछा कर रहे बाइक सवार युवकों को परिजनों ने सोमवार की शाम को पिटाई कर दी। युवकों की पिटाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के सात युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों पक्ष से चार लोगों का चालान कर दिया।

पिपराइच क्षेत्र के एक गांव की छात्रा भटहट कस्बे में कोचिंग करती है। बताया जा रहा है कि कई दिनों से श्यामदेउरवां क्षेत्र का एक युवक उससे नम्बर मांगने के साथ ही उसे परेशान करता था। यह बात छात्रा ने अपने घर पर परिजनों से बतायी थी। पीड़िता के स्वजनों का कहना है कि सोमवार को भी कोचिंग कर छात्रा घर लौट रही थी। पीछे से बाइक पर अपने एक साथी के साथ युवक उसके पीछे-पीछे चलने लगा। जानकारी होते ही छात्रा के परिजन व उसके साथ कुछ लोग पहुंच गए। युवक को पकड़कर उसकी धुनाई शुरू कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों को हिरासत में ले लिया। बाद में पुलिस ने दोनों पक्ष से दो-दो लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# बच्ची से छेड़खानी पर 5 साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिह ने शाहपुर थानाक्षेत्र के एल्युमिनियम फैक्ट्री आदर्श नगर निवासी अभियुक्त प्रमोद पासवान उर्फ प्रदुम्मन को पांच साल के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 27 अप्रैल 2016 की समय 3.30 बजे की है। वादी की नाबालिग बच्ची को अभियुक्त अकेला पाकर बाथरूम में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। बच्ची के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# खोराबार पुलिस ने गैंगस्टर को दबोचा

खोराबार। खोराबार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक अपराधी को तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर खोराबार कल्याण सिह सागर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामनगर कड़जहां फोरलेन के पास से रवि निषाद को गिरफ्तार किया गया है। वह कुशीनगर जाने की फिराक में था। इस बीच पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसके पास से पुलिस को एक देशी तमंचा एवं एक कारतूस मिला है।

रामनगर कड़जहां के चन्द्रिका टोला थाना खोराबार निवासी रवि निषाद के ऊपर खोराबार थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# रेलवे रोड के डिवाइडर से हटाईं रेहड़ियां

गोरखपुर। सड़कों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को संयुक्त अभियान चलाकर कई स्थान पर अतिक्रमण हटाए गए। यातायात पुलिस, रेलवे स्टेशन चौकी इंचार्ज एवं प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल सीपी सिंह एवं उनकी टीम ने रेलवे स्टेशन के सामने डिवाइडर पर लगने वाले ठेलों को हटाया। रुस्तमपुर ढाले के पास अतिक्रमण के खिलाफ बैटरी वाले का 1,000 का चालान काटा गया।

# गैर जमानती वारंट पर सपा नेता गिरफ्तार

मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा थाना पुलिस ने न्यायालय की तरफ जारी गैर जमानती वारंट पर सोमवार को टेलहनापार निवासी सपा नेता रामनक्षत्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जयंत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित नोटिस के बाद भी हाजिर नहीं हो रहा था।

# खून देकर बचाई गर्भवती महिला की जान

गोरखपुर : गर्भवती महिला का रविवार को निजी अस्पताल में आपरेशन हो रहा था, उसे दो यूनिट खून की आवश्यकता थी। स्वजन ने ट्विटर पर पोस्ट डाल मदद मांगी। जानकारी होने पर विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी अमित चौधरी ने स्वजन से संपर्क किया और अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। (जासं)

## युवक पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**जासं, पिपराइच** : क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर थाना पुलिस ने बसडीला रौसड़ निवासी झिनक पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया। महिला ने आरोप लगाया था कि रविवार को वह खेत की तरफ जा रही थी। इसी दौरान आरोपित ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ अभद्रता की।

# मालिक को झांसा देकर हड़पे 10 लाख, गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर**: मालिक को झांसा देकर कर्मचारी ने पेटीएम के जरिये खाते से 10 लाख रुपये निकाल लिए। जालसाजी की जानकारी होने पर मालिक ने कैंट थाने में कर्मचारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने गीडा क्षेत्र के रहने वाले आरोपित अंकुश पासवान को हड़पे गए रुपये से खरीदे गए म्यूजिक सिस्टम के साथ सोमवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ले जाने पर उसे जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सोमवार को दोपहर पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोलघर में गणेश चौराहे पर वशिष्ठ नारायण पांडेय की पांडेय की टायर की दुकान है। दुकान पर गीडा क्षेत्र स्थित कुलई निवासी अंकुश पासवान डेढ़ वर्ष से काम करता था। आनलाइन भुगतान करने वाले ग्राहकों के रुपये जब तकनीकी कारण से वशिष्ठ नारायण के खाते में नहीं जा पाता था तो अंकुश पासवान पेटीएम ये खाते में रिफंड करा लेता था। इस तरह उसने 10 लाख रुपये अपने खाते में मंगा लिए।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**जासं. गोरखपुर**: शादी करने का झांसा देकर युवक ने रिश्तेदार के पड़ोस में रहने वाली युवती से दुष्कर्म किया। युवती ने सोमवार को खोराबार थाने में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। चौरी चौरा क्षेत्र की युवती ने खोराबार थाने में तहरीर दी है कि सोनवे गांव के रहने वाले राजन की उसके गांव में रिश्तेदारी है। रिश्तेदार के घर आते-जाते उसकी जान पहचान हुई तो शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। शादी के लिए वह कहती तो टालता रहा। तीन वर्ष के बाद मुकर गया। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने बताया कि आरोपित की तलाश चल रही है।

# छात्रा का पीछा कर रहे युवकों की पिटाई, सात किए गए गिरफ्तार

**जासं, भटहट :** भटहट से कोचिंग से घर जा रही पिपराइच क्षेत्र की एक छात्रा का पीछा कर रहे बाइक सवार युवकों की स्वजन ने पिटाई कर दी। उसे श्यामदेउरवां क्षेत्र का एक युवक कई दिन से परेशान कर रहा था। सोमवार को भी वह पीछा कर रहा था। पुलिस ने दोनों पक्षों से सात युवकों को हिरासत में लिया है।

गुलरिहा थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय ने बताया कि दोनों पक्षों से महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के रमाशंकर व सतीश गुप्ता और दूसरे पक्ष से कमलेश कुमार व रविन्द्र प्रताप का चालान किया गया।

# नौकरानी ने रची लूट की साजिश

## सेवानिवृत्त रेलकर्मी के घर में लूट का मामला, चार गिरफ्तार

- **आरोपितों के पास से दो तमंचा, दो बाइक व सवा लाख रुपये बरामद**
- **14 नवंबर को रिटायर रेलकर्मी रामाश्रय विश्वकर्मा के घर हुई थी लूट**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** उरुवा के जगदीशपुर में सेवानिवृत्त रेलकर्मी रामाश्रय विश्वकर्मा के घर में लूट की साजिश उनकी नौकरी ने ही रची थी। थाना प्रभारी सुनील निषाद व उनकी टीम ने सोमवार को आरोपित नौकरानी शिवकुमारी, मुकेश यादव, विकास यादव, हर्ष यादव और अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर लिया। चार से अधिक संख्या होने पर पुलिस अब मुकदमे में डकैती की धारा बढ़ाएगी। आरोपितों के पास से दो तमंचा, दो कारतूस, दो बाइक और लूट के 1.15 लाख रुपये बरामद किए। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उरुवा के जगदीशपुर निवासी रामाश्रय विश्वकर्मा रेलवे में बड़े बाबू थे। 2013 में वह सेवानिवृत्त हुए हैं। वर्तमान में दोनों बेटों व बहू से अलग दूसरे मकान में रहते हैं। उन्होंने खाना बनाने के लिए तीन माह से बेलघाट के रसूलपुर निवासी शिवकुमारी को रखा था। वह रामाश्रय के साथ ही घर में रहती थी। रामश्रय उसे 10 हजार रुपये महीना वेतन देते थे और आर्थिक मदद भी करते थे। 14 नवंबर 2022 की रात आठ बजे रामाश्रय ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर में तीन लोग घुसकर लूट किए हैं।

पुलिस की पूछताछ में उन्होंने छह लाख नकद व करीब चार लाख के जेवरात लूटने की बात कही। जांच में सामने आया कि नौकरानी शिवकुमारी लुटेरों से मिली है। पुलिस को मौके से एक बाक्स में से लूटे गए जेवरात मिल गए। वहीं विवेचना में पता चला कि गोला गोपालपुर के अभिषेक ने लूट के लिए बाइक दी थी और वह घर के बाहर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था, जबकि गोला के शिवपुर के विकास यादव, बेलघाट के रसूलपुर माफी निवासी मुकेश यादव और गोला के देवकली निवासी हर्ष यादव घर में दाखिल हुए थे और एक ने नौकरानी शिवकुमारी को पकड़ा तो दूसरे ने सेवानिवृत्त रेलकर्मी को पकड़ा और तीसरे ने आलमारी से नकद निकाला। घटना के एक दिन पहले सभी ने रेकी भी की थी। एसपी साउथ ने बताया कि नौकरानी बुजुर्ग से पहले भी लाखों रुपये ऐंठ चुकी है। हाल ही में उसने बुजुर्ग से अपने बेटे के लिए 90 हजार की बाइक खरीदवाई थी। आरोपित मुकेश और हर्ष पर दो-दो मुकदमा तो अन्य पर एक-एक मुकदमा दर्ज है।

# गैंगस्टर का आरोपित तमंचा के साथ धराया

गोरखपुर : गैंगस्टर एक्ट के आरोपित रामनगर कड़जहा निवासी रवि निषाद को खोराबार थाना पुलिस ने सोमवार को सुबह तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक ने न्यायालय ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया। (जासं)

# विवि चौकी प्रभारी ने रक्तदान कर गर्भवती की बचाई जान

गोरखपुर। कैंट थाने के विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी अमित चौधरी ने रक्तदार कर गर्भवती की जान बचा ली। ट्विटर से जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी ने मदद की।

निधि राय नाम की महिला का रविवार को ऑपरेशन हो रहा था। गर्भवती के ऑपरेशन के दौरान दो यूनिट खून की जरूरत आन पड़ी। महिला के किसी परिचित ने ट्विटर पर सूचना डाली। जिसको देखने के बाद चौकी इंचार्ज अमित चौधरी पहुंचे और रक्तदान किया। इससे पहले भी वे कई लोगों के इलाज में भी आर्थिक मदद कर चुके हैं। संवाद

## चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : चोरी करने के दो आरोपितों को कैंट थाना पुलिस ने सोमवार को सुबह गिरफ्तार किया। उनकी पहचान मोहद्दीपुर के पडहा निवासी गुड्डू निषाद उर्फ विमल व तरकुलानी टोला निवासी मनीश साहनी के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी सुधांशु सिंह ने गश्त के दौरान नहर पुलिया के पास से आरोपितों को पकड़ा। उनके कब्जे से पानी आपूर्ति का पंप व हैंडपंप मिला। (जासं)

## जमीन विवाद में मारपीट का मुकदमा दर्ज

गीडा। इलाके के कुरमोल गांव में रविवार को जमीन विवाद में सगे भाइयों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, कुरमोल गांव निवासी उत्तम यादव और गौतम यादव सगे भाई हैं। इनके बीच में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है जिसे लेकर मारपीट हो गई।

पुलिस ने उत्तम यादव की तहरीर पर गौतम यादव, उनकी पत्नी कुसुम यादव, बेटी खुशी यादव के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का केस और गौतम यादव की पत्नी की तहरीर पर उत्तम यादव उनकी पत्नी अमलावती, अनुज और अंगद यादव पर मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# व्यापारी को झांसा देकर हड़पे थे 10 लाख, गिरफ्तार

## ग्राहक से खाते में रुपये लेने के बाद व्यापारी को भेजकर फिर कर लेता था रिफंड

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोलघर के ऑटो मोबाइल्स के व्यापारी से उसके ही कर्मचारी ने 10 लाख रुपये हेराफेरी कर हड़प लिए। कर्मचारी ग्राहकों से खाते में रुपये लेकर व्यापारी के खाते में तो भेज देता था, लेकिन फिर उसे रिफंड लेकर अपने खाते में वापस करा लेता था।

इस तरह से 10 लाख रुपये की जालसाजी कर उसने छह लाख रुपये से अधिक खर्च कर डीजे का सामान खरीदा था। कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर मामले का खुलासा करते हुए आरोपी कर्मचारी अंकुश पासवान को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी अंकुश पासवान गीडा इलाके के आमटौरा का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। उसके पास से पुलिस ने गबन के रुपये से खरीदे गया डीजे का सामान बरामद कर लिया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाश के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि गोलघर के गणेश चौराहे पर वशिष्ठ नारायण पांडेय की पांडेय ऑटो मोबाइल्स के नाम से टायर की दुकान है। अंकुश पासवान डेढ़ वर्ष से काम करता है। उसके साथ ही दुकान पर दो अन्य कर्मचारी भी काम करते हैं।

दुकान पर ग्राहकों की काफी भीड़ रहती है। कई बार ग्राहकों का दिया रुपया जब तकनीकी कारण से उनके खाते में नहीं आ पाता था तो वह अंकुश पासवान के खाते में पेटीएम से मंगा लेता था। बाद में अंकुश के खाते से पेटीएम व्यापारी अपने खाते में ले लेता था।

अंकुश पेटीएम के काम में निपुण हो गया तो अप्रैल 2022 से ग्राहकों का पैसा पेटीएम से अपने खाते में ले लेता था और फिर उस पैसे को दुकान मालिक के खाते में भेज देता था। बाद में उस भेजे गए पैसे को अपने खाते में रिफंड सिस्टम के जरिये वापस ले लेता था। इस तरह से करीब 10 लाख रुपये उसने अपने खाते में मंगा लिया।

दुकान मालिक को शंका हुई कि बार-बार मेरे मोबाइल पर रुपये रिफंड होने का संदेश क्यों आता है तब उन्होंने अपने अकाउंटेंट से इस विषय में पूछा। अकाउंटेंट को भी जानकारी न होने के कारण बताया गया कि यह रुपया वापस हो जाएगा। जब सेठ ने आडिट कराया तो उसे अंकुश के जालसाजी की जानकारी हुई। जिसके बाद वशिष्ठ ने अंकुश के खिलाफ मुकदमा कराया।

प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण राय और उनकी टीम ने अंकुश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि करीब 10 लाख रुपये उसने रिफंड के माध्यम से गबन किया है और इसके द्वारा डीजे का छह लाख का सामान खरीदा गया है।

### ऑनलाइन भुगतान में हेराफेरी का आरोप

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के फातिमा बाईपास रोड स्थित हार्डवेयर के दुकानदार ने ऑनलाइन भुगतान में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि दुकान से सामान लेने के बाद उसने 3 हजार 95 रुपये की जगह 3 सौ 95 रुपये का भुगतान कर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक, कैंट इलाके के मोहद्दीपुर निवासी सुबोध कुमार सिंह का शाहपुर के फातिमा बाईपास सड़क स्थित शिखर ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। पीड़ित ने बताया कि रविवार की शाम दो ग्राहक सामान लेने के लिए आए थे। इसी दौरान एक युवक आया और 20 लीटर पेंट व ब्रश लिया, जिसका तीन हजार 95 रुपये हुआ था। युवक तीन सौ 95 रुपये ऑनलाइन पेमेंट कर फरार हो गया। ब्यूरो

# नौकरानी ने रची थी लूट की साजिश

## उरुवा इलाके में रिटायर्ड रेल कर्मचारी के घर हुई थी घटना, पांच आरोपी पकड़े गए

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** उरुवा इलाके के जगदीशपुर में रिटायर्ड रेलकर्मी रामाश्रय विश्वकर्मा के घर लूट की साजिश उनकी नौकरानी ने ही रची थी। पुलिस ने नौकरानी सहित पांच आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

उनकी संख्या चार से अधिक होने की वजह से पुलिस डकैती की धारा बढ़ाएगी। आरोपियों के पास से 1.15 लाख रुपये, दो बाइक, दो तमंचा, दो कारतूस बरामद कर किया गया है। सभी आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोला के शिवपुर निवासी विकास यादव, बेलघाट के रसूलपुर माफी निवासी मुकेश यादव, देवकली निवासी हर्ष यादव, गोपालपुर निवासी अभिषेक यादव व रसूलपुर निवासी शिवकुमार के रूप में हुई।

### लूट के एक लाख रुपये, दो तमंचा, दो बाइक बरामद, बढ़ेगी डकैती की धारा

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। बताया कि उरुवा के रामाश्रय विश्वकर्मा ने खाना बनाने के लिए तीन महीने पहले शिव कुमारी को काम पर रखा था। वह रामाश्रय के साथ ही घर में रहती थी। रामाश्रय उसे 10 हजार रुपये मासिक वेतन देते थे और उसकी आर्थिक मदद भी करते थे।

14 नवंबर 2022 की रात 8 बजे रामाश्रय ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर में तीन लोग घुस कर लूट किए हैं। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने 6 लाख नकद व करीब 4 लाख का जेवरात लूटने की बात कबूली है। पुलिस की जांच में सामने आया कि नौकरानी शिव कुमारी पूरी घटना में लुटेरों से मिली है।

पुलिस को मौके से ही एक दूसरे बाक्स में से लूटे गए जेवरात मिल गए। पुलिस की विवेचना में पता चला कि गोला गोपालपुर के अभिषेक ने लूट के लिए बाइक दी थी और वह घर के बाहर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था। जबकि, विकास यादव, मुकेश यादव और हर्ष यादव घर में दाखिल हुए थे।

एक ने नौकरानी शिवकुमारी को पकड़ा तो दूसरे ने रिटायर्ड रेलकर्मी को पकड़ा और तीसरे ने आलमारी से कैश निकाला। पुलिस ने सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के एक दिन पहले इन सभी ने रेकी भी की थी।

एसपी साउथ ने बताया कि नौकरानी बुजुर्ग से पहले भी लाखों रुपये ऐंठ चुकी है। हाल ही में उसने बुजुर्ग से अपने बेटे के लिए 90 हजार की बाइक खरीदवाई थी। आरोपी मुकेश और हर्ष पर दो-दो केस तो अन्य पर एक-एक केस दर्ज हैं।

# लापरवाही पर दो बीपीओ निलंबित

## हरपुर बुदहट इलाके में दो गांवों के लोगों के बीच मारपीट का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

**हरपुर बुदहट।** इलाके के दवदारतुला और कैराडीह गांव के लोगों के बीच मामूली बात पर हुए विवाद में कार्रवाई में बीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) की लापरवाही सामने आने पर निलंबित कर दिया गया।

एसएसपी ने थानेदार की रिपोर्ट पर

### एसएसपी ने विभागीय जांच का आदेश दिया

दोनों गांवों के बीपीओ उपेंद्र कुशवाहा और अनिल सिंह यादव को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक, 15 नवंबर को दोनों गांवों के लोगों के बीच हूटिंग करने को लेकर मारपीट हो गई थी। 10 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों पर मारपीट, एससीएसटी व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया, लेकिन जांच में सामने आया कि दोनों ही गांव के बीपीओ को घटना की सूचना ही नहीं मिली। लापरवाही की वजह से इतनी बड़ी घटना होने पर एसएसपी ने दोनों को रविवार की देर रात निलंबित कर दिया।

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 24/11/22

# एस पी ने किया भलुअनी थाने का निरीक्षण

**भलुअनी (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने भलुअनी थाने का निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश देते हुए मामलों के निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लें और उनका निराकरण करें। इस दौरान महिला फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुना। वांछित व टाप टेन अपराधियों पर कड़ी नजर रखते हुए अपराध पर अंकुश लगानेरात में गश्त बढ़ाने थाना क्षेत्र के ग्राम विलासपुर निवासी नीरज तिवारी जो 2 नवम्बर की रात से गायब है उस मामले में क्या कार्यवाही के बारे में भी पुलिसकर्मियों से वार्ता किया। शीघ्र मामले से पर्दा उठाने का मातहतों को निर्देश दिया। थाने में बैरक मालखाना, कार्यालय के महत्पूर्ण रजिस्टर, भूमि विवाद, एचएस महिला उत्पीड़न आदि की गहनता से अवलोकन किया और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालय के अभिलेखों को सुसज्जित ढंग से रख रखाव करने व कम्प्यूटर सम्बन्धी उपकरणों के साथ शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की अच्छी देख रेख हेतु निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र सहित एसआई व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि. 22/11/22

# एक स्कॉर्पियो और दो बाइक चोरी

देवरिया। वाहन लिफ्टरों ने शहर के अलग-अलग स्थानों से एक स्कार्पियों और दो बाइक को उड़ा लिया। पीड़ितों ने घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। स्कार्पियों को चोरों ने पीड़ित के दरवाजे से चुरा ले गए।

महाराणा प्रताप कालोनी भुजौली मोहल्ले के रहने वाले विनोद कुमार चौबे पुत्र स्व.रामजी चौबे रविवार की देर शाम को अपनी स्कार्पियों को अपने मकान के सामने गेट पर खड़ा किए हुए थे। इसी बीच वाहन लिफ्टरों ने दरवाजे पर खड़ी स्कार्पियों को उड़ा ले गए। पीड़ित सोमवार की सुबह उठे तो दरवाजे से स्कार्पियों चोरी हो गई थी। पीड़ितों ने घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनाथ देवरिया मोहल्ले के रहने वाले राजू गुप्ता पुत्र ईश्वर चन्द्र गुप्ता 15 नवम्बर को बाइक को दरवाजे पर खड़ी किए हुए थे।

हिन्दुस्तान दि॰ 22/11/22

## पुलिस ने नौ गोवंश पशुओं समेत दो पशु तस्करों को पकड़ा

# तस्करों ने किया पुलिस को कुचलने का प्रयास

पथरदेवा/बघौचघाट, हिटी। पशु तस्करों ने सोमवार की भोर में गाड़ी रोकने पर पिकअप से पुलिस टीम को कुचलने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। बघौचघाट पुलिस ने घेराबंदी कर 9 गोवंश पशुओं को बरामद करते हुए दो युवकों को दबोच लिया। अंधेरे का लाभ उठाकर चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने सरगना और पशु लाने के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रयास व पशु तस्करी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

बघौचघाट के थानेदार मृत्युंजय राय सोमवार की भोर में पुलिस कर्मी के साथ गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि पिकअप से पशुओं को बिहार ले जाया जा रहा है। इस पर थानेदार पुलिस बल के साथ बिहार गार्डर पर चेकिंग शुरु कर दी। थानेदार स्वंय पुलिस बल के साथ पकहां बिहार बॉर्डर के समीप पेट्रोल पंप के पास खड़े थे। इसी बीच एक पिकअप आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने गाड़ी को रोकने का संकेत दिया तो चालक ने गाड़ी को पुलिस कर्मियों की तरफ मोड़ दिया। पुलिस कर्मी सड़क से नीचे कूद कर जान बचाए। पुलिस ने घेराबंदी कर तस्करों को दबोच लिया। अंधेरे का लाभ उठाकर चालक फरार हो गया। पुलिस को पिकअप पर लदे 9 गोवंश, एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने गाड़ी में सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम दिलमुहम्मद पुत्र मुस्लिम निवासी लतवा मुरलीधर थाना तमकुहीराज जिला कुशीनगर और दूसरा सोनू अली पुत्र संजय दीवान निवासी तकिया बारी निकट राजापुर बाजार थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार बताया। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह गौरीबाजार से पशुओं को लेकर बिहार ले जा रहे थे। तस्करी करने वाले सरगना भूट्टो है जो गोपालगंज का रहने वाला है।



पुलिस टीम पर हमला करने वाले पशु तस्करों को बघौचघाट पुलिस ने दबोच लिया।

- पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों का किया चालान
- पशुओं को गौरीबाजार से गोपालगंज ले जा रहे थे

हिन्दुस्तान दि. 22/11/22

# महिला की आत्महत्या के मामले में पति समेत चार पर केस

गौरीबाजार। मासूम बेटी के साथ महिला के तालाब में डूब कर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। चार दिन पूर्व महिला ने जान दे थी।

गौरीबाजार के देवतहां निवासी रामू सिंह की शादी दस वर्ष पहले कुशीनगर जनपद के कसया थाना क्षेत्र के काली पट्टी के सीमा सिंह (30) वर्ष के साथ हुई थी। 16 नवंबर की रात घर वालों से विवाद हो गया था। देर रात को वह मासूम बच्ची के साथ घर से लापता हो गई। करीब चौबीस घंटे के बाद मां व मासूम अनुष्का का शव तालाब से बाहर निकाला गया है। उकसाने के मामले में पति रामू सिंह, सास ज्ञान्ति देवी, ससुर वकील सिंह, जेठानी गीता देवी पत्नी अभय के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## छह लाख रुपये लेने के बाद भी नहीं भेजा मजदूर, मुकदमा

रुद्रपुर : ईंट भट्टा मालिक से छह लाख रुपये लेने के बाद भी मजदूर नहीं भेजने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के बटुलहीं के रहने वाले मान सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपित के खाते में करीब छह लाख रुपये भेज दिया। इसके बावजूद आरोपित ने मजदूरों को नहीं भेजा। पुलिस ने बिहार के शेखपुरा जनपद के क्षेत्र फरपार के ग्राम फटइता के रहने वाले पप्पू कुमार यादव के विरुद्ध कार्रवाई की है। (जासं)

दैनिक जागरण 22/11/22

## धोखाधड़ी का मुकदमा

रुद्रपुर : विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। अकटहियां उर्फ मटियरी के रहने वाले बबलू निषाद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रामध्यान यादव व शुभम यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी विदेश नहीं भेजा। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 22/11/22

# गोवंश के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जासं, पथरदेवा: जनपद के रास्ते बिहार होकर पश्चिम बंगाल तक गोवंश की तस्करी जारी है। बिहार सीमा से सटे इलाकों में गोवंश के बरामदगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। बघौचघाट पुलिस ने क्षेत्र के पकहां चौराहे पर पिकअप पर नौ गोवंश को लादकर ले जा रहे दो आरोपितों को रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। चालक मौका पाकर फरार हो गया।

बघौचघाट थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय रात में पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप पर गोवंश को लादकर बिहार ले जाने की फिराक में हैं। कुछ देर बाद



पुलिस टीम के साथ पकड़े गए दोनों पशु तस्कर • जागरण

पिकअप आता हुआ दिखाई दिया तो पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस की घेरेबंदी देखकर चालक कूदकर फरार हो गया। दो आरोपित पकड़ लिए गए। पुलिस ने पिकअप पर लदे सात गाय व दो बछड़े को बरामद किया। तस्करों ने बताया कि इन पशुओं को गौरीबाजार से बिहार ले जा रहे थे। मुख्य सरगना बिहार के गोपालगंज जिले के तकियावासी गांव का रहने वाला भुट्टू है। गिरफ्तार तस्करों में कुशीनगर जनपद के ललवा मुरलीधर गांव का दीन मोहम्मद व बिहार के गोपालगंज जनपद के तकियावासी गांव का सोनू अली शामिल हैं।

### तस्करों ने बदल दिया था पिकअप का नंबर प्लेट

तस्करों ने पिकअप का नंबर प्लेट बदल दिया था। पुलिस की जांच में इसकी पुष्टि हुई है। तस्करों ने बताया कि हम लोग भुट्टू की देखरेख में कार्य करते हैं।

## चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, भटनी : ट्रैक्टर से छात्रा को ठोकर मारने के मामले में शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्कूल के संचालक व ग्राम भरहेचौरा निवासी अभय कुमार पटेल पुत्र रामेश्वर पटेल ने तहरीर में कहा है कि ट्रैक्टर चालक लापरवाही पूर्वक गलत साइड से ट्रैक्टर चलाते समय मेरे स्कूल की छात्रा को ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अमन राजभर पुत्र संजय राजभर ग्राम संवरेजी थाना खामपार के विरुद्ध कार्रवाई की है।

## पति समेत चार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा

जासं, गौरीबाजार : क्षेत्र के ग्राम देवतहां में गांव के पोखरे में कूद कर मां-बेटी के के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति समेत चार के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। ग्राम देवतहां के रहने वाली सीमा सिंह और पांच वर्षीय पुत्री अनुष्का के साथ गांव के पोखरे के समीप कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी आत्महत्या करने की पुष्टि हुई थी। इस मामले में कुशीनगर जनपद के कसया थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़वा दिलीप नगर टोला कल्ली पट्टी के रहने वाले रामलक्षन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ससुराल पक्ष वाले आए दिन मेरी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। जिससे उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने पति रामू सिंह, ससुर वकील सिंह सास और जेठानी के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने कहा पति समेत चार के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमर उजाला दि. 22/11/22

# नौ पशु मुक्त, दो तस्कर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बघौचघाट।** तस्करी के लिए बिहार ले जाए जा रहे नौ पशुओं को पुलिस ने बरामद किया। वहीं दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो तस्कर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार एक तस्कर के पास से चाकू बरामद हुआ है।

थाना क्षेत्र से पशु तस्करी के बारे में मुखबिर ने सूचना दी। बताया कि पकहां यूपी बिहार सीमा से होकर एक पिकअप से तस्कर पशुओं को बिहार ले जा रहे।

खबर मिलने के बाद पुलिस ने पकहॉ में घेरेबंदी कर पिकअप को पकड़ लिया। इस पर सात गायें और दो बछड़े थे।

सुरक्षा कर्मियों ने दो तस्करों को पकड़ लिया, जबकि दो तस्कर मौके

## पकहां में घेरेबंदी कर पकड़ा गया पिकअप

से फ़रार हो गए। पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम दिलमुहम्मद लतवा थाना तमकुहीराज व सोनू अली तकीयाबारी राजाबाजार थाना गोपालपुर गोपालगंज बताया।

वहीं, पप्पू व भट्टू निवासी राजाबाजार थाना गोपालपुर, गोपालगंज फरार हो गए हैं। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने इस मामले में पशु क्रूरता, गोवध निवारण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए तस्करों को न्यायालय भेज दिया। वहीं, पुलिस ने दिलमुहम्मद के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है, उसके पास से चाकू बरामद हुआ था।

अ. उजाला 22/11/22

# लापरवाह ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज

**भटनी।** भरहेचौरा गांव के समीप स्कूली छात्रा को ठोकर मारने के मामले में पुलिस ने सोमवार को लापरवाह चालक पर केस दर्ज किया। वहीं, छात्रा का इलाज देवरिया में कराया जा रहा है।

भटनी के भरहेचौरा गांव निवासी खुशी यादव (10) शनिवार शाम स्कूल से घर लौट रही थी। तभी गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने गलत साइड में आकर छात्रा को ठोकर मार दी। सीएचसी में डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

उसका इलाज देवरिया स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्कूल संचालक अभय पटेल ने लापरवाह ट्रैक्टर चालक अमन राजभर निवासी सवरेजी थाना खामपार के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अश्लील गाना बजाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम छपिया निवासी शिवम सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शिवम सिंह के विरुद्ध स्थानीय थाने में धारा 363, 366 और 376 व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से वह फरार चल रहा था, पुलिस सरगर्मी से कर रही थी।

# 28 पेटी शराब पकड़ी, तस्कर दबोचा

**पटहेरवा।** पटहेरवा पुलिस ने रविवार की देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप से 28 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करअग्रिम कार्यवाई में जुटी है।

पटहेरवा थाना परिसर में सोमवार को प्रेसवार्ता में पटहेरवा एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया की रविवार की रात मुखबिर की सूचना पर पटहेरवा ओवरब्रिज पर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान गोरखपुर की तरफ से एक पिकअप आती दिखी, जिसे रोकने के प्रयास किया गया लेकिन पिकअप चालक तेज रफ्तार से भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसका पीछा कर गाड़ी रोक लिया। जब पिकअप की जांच की गई तो उसमें शराब लदी थी। जांच में गाड़ी में 28 पेटी में 1344 पैकेट 8 पीएम शराब लदी पाई गई। पुलिस ने तस्कर सहित पिकअप को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम शिवबचन निवासी रामपुर जिवधर मटिहनिया बाजार थाना विशंभरपुर जनपद गोपालगंज बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर अग्रिम करवाई में जुटी है।

तमकुहीराज क्षेत्र में पिकअप से चार प्रतिबंधित पशुओं को ले जा रहे थे, रोकने पर पुलिस पर करने लगे फायरिंग

# पुलिस ने गोली मारकर दो पशु तस्करों को दबोचा

**शिकंजा**

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा चट्टी बड़ी गंडक नहर के पास पशु तस्करों व पुलिस टीम के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम की गोली से दो अंतर्राज्यीय पशु तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने पशु तस्करों के पास से कट्टा-कारतूस बरामद करते हुए उनके कब्जे से एक पिकअप पर लदे चार प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त करा दिया।

सोमवार को सुबह सीओ जितेन्द्र सिंह कालरा की अगुवाई में पुलिस टीम पशु तस्करों की टोह में लगी हुई थी। इस दौरान तमकुहीराज व तरयासुजान पुलिस टीम को सूचना मिली कि हाइवे के रास्ते अंतर्राज्यीय पशु तस्कर पशुओं की खेप लेकर बिहार जाने के फिराक में हैं। पुलिस टीम फोरलेन पर वाहनों की तलाशी अभियान में जुट गई। कुछ देर बाद फोरलेन के रास्ते तेज रफ्तार जा रही पिकअप को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर उसका पीछा किया तो लतवा चट्टी बड़ी गंडक नहर के पास पिकअप पर सवार पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दो पशु तस्कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सीओ ने बताया कि इस कार्रवाई में अंतर्राज्यीय कुख्यात पशु तस्कर अयोध्या जनपद के इनायत नगर थाना क्षेत्र के सेमरा चिखडी निवासी विनोद कुमार व तरमा खुर्द सोधियाव निवासी रामभरत को पैर में गोली लगी है। मौके से पुलिस टीम ने कट्टा-कारतूस बरामद करते हुए घायल तस्करों के कब्जे से एक पिकअप पर लदे चार प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया है। दोनों तस्करों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य पशु तस्करी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।



तमकुहीराज क्षेत्र के लतवा चट्टी बड़ी गंडक नहर के पास मुठभेड़ में घायल तस्कर को पकड़ कर ले जाती पुलिस। • हिन्दुस्तान

### मुठभेड़ में शामिल टीम

प्रभारी निरीक्षक तमकुही राज नीरज राय, प्रभारी निरीक्षक तरया सुजान राजेन्द्र सिंह, दरोगा अवधेश कुमार, हेडकांस्टेबल संतोष यादव, सिपाही लालमोहन चौहान, रविकांत, श्रीकृष्ण मौर्य, मनीरूा राय व रवि साहनी।

## पशुओं को छोड़ भाग गए तस्कर

पटहेरवा। स्थानीय थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित महुअवा गांव के सामने बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास पीछे से मैजिक वाहन से आ रहे तस्कर पुलिस को देखकर गाड़ी सहित खेत की तरफ भाग निकले। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के साथ मैजिक गाड़ी सहित तीन प्रतिबंधित पशुओं को थाने ले आयी, वहीं तस्कर भागने में सफल रहे।

थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित महुअवा गांव के पास सामने बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास रविवार की शाम पशुओं से लदी मैजिक गाड़ी पर सवार तस्करों ने पीछे पुलिस को देखकर अचानक गाड़ी फोरलेन से उतार कर खेतों की तरफ घुमा दिया व भागने लगे। महुअवा आहलादपुर (चंवर) में पहुंच गए तथा एक चकरोड पर गाड़ी छोड़कर भाग गए। गाड़ी में लदे पशु गाड़ी का डाला खुल जाने से भाग कर गांव में इधर उधर दौड़ने लगे। खेत में काम कर रहे लोगों की मदद से पुलिस टीम के हेड कांस्टेबल हसीब खान, वहिंद यादव आदि ने किसी तरह पशुओं को पकड़ कर गाड़ी सहित कब्जे में लिया व थाने ले गए।

## 28 पेटी शराब पकड़ी, तस्कर दबोचा

पटहेरवा। पटहेरवा पुलिस ने रविवार की देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप से 28 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई में जुटी है।

पटहेरवा थाना परिसर में सोमवार को प्रेसवार्ता में पटहेरवा एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया की रविवार की रात मुखबिर की सूचना पर पटहेरवा ओवरब्रिज पर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान गोरखपुर की तरफ से एक पिकअप आती दिखी, जिसे रोकने के प्रयास किया गया लेकिन पिकअप चालक तेज रफ्तार से भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसका पीछा कर गाड़ी रोक लिया। जब पिकअप की जांच की गई तो उसमें शराब लदी थी। जांच में गाड़ी में 28 पेटी में 1344 पैकेट 8 पीएम शराब लदी पाई गई। पुलिस ने तस्कर सहित पिकअप को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम शिवबचन निवासी रामपुर जिवधर मटिहनिया बाजार थाना विशंभरपुर जनपद गोपालगंज बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर अग्रिम करवाई में जुटी है।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

अहिरौली बाजारः थाने के छपिया गांव के शिवम सिंह के विरुद्ध दुष्कर्म, अपहरण और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है, पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने उसे टीकर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ राहुल कुमार राय, कांस्टेबल आदित्य राजभर व अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# दहेज हत्यारोपित पति गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, तुकपट्टीः** तुर्कपट्टी के महुंअवा टोला पकड़ी में विवाहिता की मृत्यु के मामले में पुलिस रविवार को दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। ससुर श्यामसुंदर व सास इंद्रावती फरार हैं। बीते शनिवार की रात आठ बजे 28 वर्षीय विवाहिता का शव बिस्तर पर पड़ा मिला था।

बिहार के धनहां थाने के गांव दवनहां निवासी ओमप्रकाश गिरि की पुत्री स्वीटी की शादी 2018 में टुनटुन गिरि से हुई थी। मृतका की मां बुखला देवी ने तहरीर में आरोप में लगाया है कि पति घर रहता था। वह अक्सर बेटी पर मायके से पैसा मांगने का दबाव बनाता था।

# पुलिस को देख तस्कर फरार

जासं, पटहेरवाः पुलिस को देखकर पशु तस्करों ने गोवंश से लदी मैजिक चंवर में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस बहुत मशक्कत से वाहन को वहां से निकालकर थाने लाई। तलाशी में तीन गो वंश मिले। रविवार देर शाम हेड कांस्टेबल हसीब ख़ां व कांस्टेबल जयहिंद यादव फाजिलनगर से लौट रहे थे कि हाईवे पर जा रही मैजिक उन्हें देखकर चंवर की ओर घूम गई। पुलिसकर्मियों को अचानक संदेह हुआ तो अपनी बाइक चंवर की ओर मोड़ दिए। आगे रास्ता खत्म हो जाने के कारण पशु तस्कर वाहन छोड़कर गन्ने की खेत में घुस गए। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि अज्ञात तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**बघौचघाट में गोवंश के साथ दो तस्कर गिरफ्तार**

**जासं, पथरदेवा, देवरियाः** बघौचघाट पुलिस ने क्षेत्र के पकहां चौराहे पर पिकअप पर नौ गोवंश को लादकर ले जा रहे दो तस्कारों को रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में कुशीनगर जनपद के तरयासुजान क्षेत्र के ललवा मुरलीधर गांव का दीन मोहम्मद व बिहार के गोपालगंज जनपद के तकियावासी गांव का सोनू अली शामिल हैं। इसका मुख्य सरगना बिहार के गोपालगंज जिले के तकियावासी गांव का रहने वाला भुट्टू है। तस्करों ने पिकअप का नंबर प्लेट बदल दिया था।

# 28 पेटी शराब के साथ तस्कर धराया

## गोरखपुर से मुजफ्फरपुर जा रही थी सरकारी दुकान की शराब

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** गोरखपुर से बिहार के मुजफ्फरपुर जा रही तस्करी की 242 लीटर अंग्रेजी शराब की खेप पुलिस द्वारा सोमवार की सुबह पांच बजे पटहेरवा ओवरब्रिज पर वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ी गई। पिकअप में 28 पेटी में 8 पीएम की 180 एमएल की 1344 शीशियां मिलीं। इसके साथ पकड़ा गया तस्कर बिहार के ही गोपालगंज जिले का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई शराब गोरखपुर के किसी सरकारी दुकान की है। आबकारी विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी ताकि पता चल सके की अनुज्ञापी कौन है।

प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय, कांस्टेबल सोहित कुमार, जयहिंद यादव आदि के साथ पटहेरवा ओवरब्रीज पर रूटीन के तहत वाहनों की जांच कर रहे थे। इस बीच एक पिकअप तेजगति से आती दिखाई दी। पुलिस टीम अभी कुछ समझ पाती कि चालक पिकअप मोड़कर पीछे की ओर भागने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने दौड़कर पिकअप सहित चालक को घेर लिया। पूछताछ पर चालक ने बताया कि वह खुद तस्करी कर शराब को मुजफ्फरपुर लेकर जा रहा था। पुलिस ने थाने लाकर वाहन की तलाशी ली तो 28 पेटी में 8 पीएम 180 एमएल की 1344 अदद शीशी मिली। पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्कर की पहचान प्रमोद कुमार यादव, निवासी रामपुर जीवधर महतिनिया, थाना विशंभरपुर, जिला गोपालगंज (बिहार) के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा है। यह भी पता किया जा रहा है कि उसने शराब किस दुकान से ली है। जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर जांच कर संबंधित दुकान के अनुज्ञापी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।




बरामद शराब व पकड़े गए तस्कर के साथ पुलिस टीम • जागरण

# मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को लगी गोली

## वध के लिए फैजाबाद से सिवान लेकर जा रहे थे चार गोवंश

**जागरण संवाददाता, तरयासुजान :** क्षेत्र के लतवाचट्टी में माधोपुर नहर के समीप सोमवार की सुबह चार बजे पुलिस व पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। दो अंतरजनपदीय पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। इस दौरान पिकअप पर लदे चार गोवंश, तस्करों के पास से दो तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए। तस्करों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि पशुओं को वध के लिए फैजाबाद से बिहार के सिवान लेकर जा रहे थे।

सीओ जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज नीरज राय व प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान आरके सिंह की संयुक्त टीम लतवाचट्टी के समीप माधोपुर नहर के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी बीच एक पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस टीम रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग से दो तस्करों के पैर में गोली लगी, जो घायल होकर गिर पड़े। सीओ कालरा के अनुसार पूछताछ में पशु तस्करों ने अपना नाम विनोद कुमार, निवासी सेमरा चिखडी व रामभरत, निवासी तरमा खुर्द सोधियाव थाना इनायत नगर, जनपद फैजाबाद बताया। बताया कि पशुओं को बिहार के सिवान में सुपुर्द करना था। पशुओं को कहां ले जाना था, इसकी जानकारी हमें नहीं है। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने भी जिला अस्पताल पहुंच तस्करों से पूछताछ की।



मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर को ले जाती पुलिस ● जागरण

# पशिचम से पूरब कैसे पहुंच रही पशुओं की खेप

प्रद्युम्न कुमार शुक्ल● पडरौना

● सुरक्षा में चूक से पशु तस्करों पर नहीं लग पा रहा पूरा अंकुश

● दो माह में पकड़ी गई बिहार जा रही पशुओं की पांच बड़ी खेप

फैजाबाद शहर से गोवंश लेकर तस्कर लगभग दो सौ किलोमीटर की दूरी तय कर लिए पर पुलिस या अन्य सुरक्षा एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। फैजाबाद के नंबर लगे जिस पिकअप पर तस्कर सवार थे उसे न तो किसी ने रोका और न ही कहीं इसकी जांच की गई। यह स्थिति तब है जब पशु तस्करी को लेकर शासन गंभीर है और हाईवे पर पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ साथ इससे लगे थानों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश हैं। इसके अलावा अन्य एजेंसियों की भी हाईवे पर नजर होती है। बीते तीन माह में कुशीनगर पुलिस ने बिहार बार्डर से सटे इलाकों में पशुओं की पांच बड़ी खेप बरामद कर लगभग 12 से अधिक तसकरों को गिरफ्तार किया। इनमें अधिकांश पश्चिमी उप्र के निवासी थे। अंतरजनपदीय तस्करों की गिरफ्तारी से दूसरे जिलों की चौकसी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पशु तस्करी पर रोक लगाने को लेकर हाईवे से जुड़े थानों को अतिरिक्त संसाधन मुहैया कराए जाने के साथ साथ दिन-रात अलर्ट रहने का निर्देश है। पुलिस के अलावा एलआईयू, आइबी व एसओजी भी हाईवे पर मूवमेंट कर गतिविधियों पर नजर रखतीं हैं। इस सतर्कता के बावजूद फैजाबाद शहर से पिकअप से गोवंश की खेप लेकर चले तस्कर 200 किलोमीटर की दूरी तय कर कुशीनगर के बिहार बार्डर पर आ गए। किसी को इनके बारे में भनक तक नहीं लगी। फैजाबाद से कुशीनगर के बीच हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रहीं टीमों ने न तो इन्हें रोका और न ही किसी बैरियर या चेक पोस्ट पर पिकअप की जांच हुई। हाईवे के थानों व जिम्मेदारों द्वारा बरती गई लापरवाही का नतीजा रहा कि तस्कर बिहार बार्डर तक पहुंच गए और उन्हें तनिक मुश्किल नहीं हुई। यह संयोग रहा कि कुशीनगर पुलिस अतंरजनपदीय पशु तस्करों के खेप ले जाने की मिले इनपुट के आधार पर बिहार बार्डर इलाके में हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रही थी। तमकुहीराज के माधोपुर के पास फैजाबाद के नंबर लगे पिकअप दिखने के बाद पुलिस को शक हुआ तो पुलिस ने पीछा किया। चालक पिकअप को तेज गति से भगाने लगा। लगभग एक किमी तक पीछा कर पुलिस टीम घेराबंदी कर तस्करों को दबोच पाने में कामयाब हुई। पिकअप की तलाशी ली तो उस पर चार गोवंश मिले। पकड़े गए तस्करों ने पुलिस को बताया कि फैजाबाद शहर से गोवंश की खेप लेकर बिहार के सिवान जा रहे थे। वहां से दूसरी टीम द्वारा पशुओं को पश्चिम बंगाल ले जाने की तैयारी थी। तस्करों ने बताया कि वे हाईवे के रास्ते यहां तक पहुंचे थे।

## हाल के दिनों में हुई बरामदगी

● 7 नवंबर, तरयासुजान थाने के लतवा चट्टी के निकट डीसीएम से 11 गोवंश ●26 अक्टूबर, तरयासुजान के बहादुरपुर कस्बे के निकट ट्रक से 20 गोवंश ●25 अक्टूबर, तरयासुजान थाने के गांव मठिया श्रीराम के निकट पिकअप से छह गोवंश ●21, अक्टूबर, सेवरही थाने के बनरहां मोड़ के समीप पिकअप से आधा दर्जन गोवंश। ●( इन मामलों में पुलिस ने कुल 11 तस्करों को गिरफ्तार किया। इसमें नौ मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर के निवासी थे)

पशु तस्करी पर जीरो टालरेंस की नीति से कार्य चल रहा है। तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई तथा संपति जब्त करने का कार्य पुलिस ताबड़तोड़ कर रही। स्थानीय के साथ साथ बाहरी गैंग पर पैनी निगाह है। पशु तस्करी किसी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी।

धवल जायसवाल, एसपी


इन्स्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एण्ड एजुकेशन

एन.एच.-29, गोरखपुर, सोनौली रोड मानीराम, गोरखपुर

बी.एड सत्र 2022-24 में सीधे/डायरेक्ट कोटा के अन्तर्गत प्रवेश के लिए सम्पर्क करें

मो.-[illegible]


## एसपी से की कार्रवाई की मांग

**उजारनाथ।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी के रामकोला टोला निवासी एक व्यक्ति ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने बीते चार नवंबर को हुई उनके घर में चोरी की घटना में कार्रवाई की मांग की है। सुनील कुमार की तरफ से एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि बीते चार नवंबर की रात उनके घर में चोरी हो गई थी। इस दौरान घर में रखा दो मोबाइल व 17000 रुपया नकद चोर उठा ले गए थे। उन्होंने इसकी सूचना पांच नवंबर को पुलिस को दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संवाद

# बिहार ले जाई जा रही 28 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

**पटहेरवा/ समउर।** क्षेत्र के फोरलेन पर रविवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने 28 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान बिहार, गोपालगंज जिले के विश्वंभरपुर थाना क्षेत्र स्थित रामपुर जीवधर महतनिया निवासी प्रमोद कुमार यादव के रूप में हुई। पिकअप और अवैध शराब को कब्जे में लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएचओ गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि रात करीब 10 बजे पुलिस टीम पटहेरवा ओवरब्रिज पर चेकिंग कर रही थी। तभी गोरखपुर से आ रही एक पिकअप को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें लदी अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। संवाद

समस्या

जिनके घर या रिश्तेदारी में शादी, वे पुलिसकर्मी परेशान

# छुट्टी बंद है, अनुमति मिली तो आ जाऊंगा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** हां...हेलो, आप का कार्ड मिल गया है। आ पाना मुश्किल है। छुट्टी पर रोक लग गई है। रात-विरात कोशिश करूंगा कि किसी तरह से पहुंच जाऊं। इसके लिए भी अनुमति लेनी पड़ेगी। कोतवाल साहब से बात करूंगा। शायद मान जाएं। कप्तान की तरफ से आदेश आया है कि इमरजेंसी के अतिरिक्त किसी को छुट्टी नहीं मिलेगी।

सोमवार की दोपहर कोतवाली के पास एक पुलिसकर्मी अपने किसी परिचित से मोबाइल पर ये बातें कह रहे थे। बातचीत के दौरान वह रुआंसे हो गए। कुछ देर तक कहते रहे कि घर में भतीजी की शादी है। जाना जरूरी है, छुट्टी ही बंद हो गई है। देखा जाएगा, कुछ करेंगे।

## अधिकारियों के चक्कर लगा रहे पुलिसकर्मी

यह अकेले किसी एक पुलिसकर्मी की समस्या नहीं है, बल्कि लगन के समय में छुट्टी चाहने वाले अधिकांश पुलिसकर्मी परेशान हैं, क्योंकि उनकी छुट्टियां अगले आदेश तक बंद कर दी गई है।

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की तैयारी जोरशोर से चल रही है। इसके अलावा लोकसभा और विधानसभा के उप चुनाव भी होने हैं। इसको देखते हुए शासन की तरफ से सभी पुलिस कर्मचारियों को अवकाश देने पर रोक लगा दी गई है।

इस आदेश से सबसे ज्यादा परेशान वे पुलिसकर्मी हैं, जिनके घरों या रिश्तेदारियों में शादी-विवाह के कार्यक्रम तय हैं। वह अब छुट्टियों के आवेदन लेकर जहां-तहां भटक रहे हैं।

पुलिस से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि विशेष परिस्थितियों में किसी पुलिसकर्मी को अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए संबंधित थानेदार की सहमति आवश्यक होगी। इस संबंध में एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश का पालन किया जाएगा। तय गाइडलाइन के मुताबिक की अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे।

# तमकुहीराज में पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़, दो गिरफ्तार

## सोमवार तड़के तीन बजे गरजीं पुलिस की बंदूकें, चार पशुओं को बिहार ले जा रहे थे तस्कर



मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर को ले जाती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा(कुशीनगर)।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित लतवा बाजार (बड़ी गंडक नहर) पर सोमवार की तड़के तीन बजे पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से दो पशु तस्कर घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने घायल तस्करों को गिरफ्तार करके चार पशुओं को मुक्त कराया। उनके पास से तमंचा, कारतूस और पिकअप बरामद हुआ।

पुलिस की गोली से घायल बदमाशों का जिला अस्पताल कुशीनगर में उपचार चल रहा है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया

### पिकअप में लादकर ले जा रहे चार गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया

कि पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ के आधार पर आगे की छानबीन की जा रही है।

सोमवार की तड़के करीब तीन बजे तमकुहीराज सीओ जितेंद्र सिंह कालरा को पशु तस्करों के सक्रियता की सूचना मिली। तमकुहीराज एसएचओ नीरज राय और तरयासुजान के एसएचओ आरके सिंह की टीम बनाकर सीओ ने बिहार की तरफ जाने वाले फोरलेन पर लतवा बाजार के पास चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने एक पिकअप के रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया।

पुलिस के घेराबंदी करने पर उसमें सवार पशु तस्कर गोली दागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई तो दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। उनको काबू करके पुलिस तत्काल सीएचसी तमकुहीराज ले गई। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। बाद में पूछताछ के दौरान पकड़े गए पशु तस्करों की पहचान अयोध्या जनपद के तरमा खुर्द सोथियाव थाना इनायतनगर निवासी विनोद कुमार और इसी क्षेत्र के सेमरा चिखड़ी निवासी रामभारत के रूप में हुई। दोनों अयोध्या की तरफ से पशु लादकर बिहार जा रहे थे। वहां से पशुओं को पश्चिम बंगाल पहुंचा दिया जाता। दोनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि घायल पशु तस्करों से पूछताछ करके आगे की जांच की जा रही है। जल्द ही उनके अन्य साथियों को पकड़ लिया जाएगा।

### पुलिस के पीछा करने पर वाहन छोड़कर भागे पशु तस्कर

**पटहेरवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फोरलेन पर महुअवा गांव के समीप पुलिस को देखकर पशु तस्कर अपना वाहन छोड़कर भाग गए। वाहन पर तीन गोवंश लदे हुए थे, जिनको मुक्त कराकर पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। एसएचओ ने बताया वाहन के रजिट्रेशन नंबर के आधार पर उसके मालिक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। रविवार की देर शाम गोवंश को लादकर एक मैजिक गाड़ी फाजिलनगर की तरफ से आ रही थी। तभी उसके पीछे पुलिस की गाड़ी आ गई। पुलिस को देखकर पशु तस्करों ने अपना वाहन फोरलेन से चकरोड पर उतार दिया। पुलिस ने पीछा किया तो चकरोड पर गाड़ी खड़ी करके तस्कर खेतों में भाग गए। वाहन का ढाला खुलने से उसमें लदे गोवंश इधर-उधर दौड़ने लगे। लोगों की मदद से उनको पकड़कर देखभाल के लिए ग्रामीणों को सौंप दिया गया। इस सबंध में पटहेरवा एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि अज्ञात तस्करों के खिलाफ पशु क्रूरता की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# तमकुहीराज में पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़, दो गिरफ्तार

## सोमवार तड़के तीन बजे गरजीं पुलिस की बंदूकें, चार पशुओं को बिहार ले जा रहे थे तस्कर



मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर को ले जाती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा(कुशीनगर)।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित लतवा बाजार (बड़ी गंडक नहर) पर सोमवार की तड़के तीन बजे पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से दो पशु तस्कर घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने घायल तस्करों को गिरफ्तार करके चार पशुओं को मुक्त कराया। उनके पास से तमंचा, कारतूस और पिकअप बरामद हुआ।

पुलिस की गोली से घायल बदमाशों का जिला अस्पताल कुशीनगर में उपचार चल रहा है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ के आधार पर आगे की छानबीन की जा रही है।

### पिकअप में लादकर ले जा रहे चार गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया

सोमवार की तड़के करीब तीन बजे तमकुहीराज सीओ जितेंद्र सिंह कालरा को पशु तस्करों के सक्रियता की सूचना मिली। तमकुहीराज एसएचओ नीरज राय और तरयासुजान के एसएचओ आरके सिंह की टीम बनाकर सीओ ने बिहार की तरफ जाने वाले फोरलेन पर लतवा बाजार के पास चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने एक पिकअप के रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया।

पुलिस के घेराबंदी करने पर उसमें सवार पशु तस्कर गोली दागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई तो दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। उनको काबू करके पुलिस तत्काल सीएचसी तमकुहीराज ले गई। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। बाद में पूछताछ के दौरान पकड़े गए पशु तस्करों की पहचान अयोध्या जनपद के तरमा खुर्द सोथियाव थाना इनायतनगर निवासी विनोद कुमार और इसी क्षेत्र के सेमरा चिखड़ी निवासी रामभारत के रूप में हुई। दोनों अयोध्या की तरफ से पशु लादकर बिहार जा रहे थे। वहां से पशुओं को पश्चिम बंगाल पहुंचा दिया जाता। दोनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि घायल पशु तस्करों से पूछताछ करके आगे की जांच की जा रही है। जल्द ही उनके अन्य साथियों को पकड़ लिया जाएगा।

### पुलिस के पीछा करने पर वाहन छोड़कर भागे पशु तस्कर

**पटहेरवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फोरलेन पर महुअवा गांव के समीप पुलिस को देखकर पशु तस्कर अपना वाहन छोड़कर भाग गए। वाहन पर तीन गोवंश लदे हुए थे, जिनको मुक्त कराकर पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। एसएचओ ने बताया वाहन के रजिट्रेशन नंबर के आधार पर उसके मालिक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। रविवार की देर शाम गोवंश को लादकर एक मैजिक गाड़ी फाजिलनगर की तरफ से आ रही थी। तभी उसके पीछे पुलिस की गाड़ी आ गई। पुलिस को देखकर पशु तस्करों ने अपना वाहन फोरलेन से चकरोड पर उतार दिया। पुलिस ने पीछा किया तो चकरोड पर गाड़ी खड़ी करके तस्कर खेतों में भाग गए। वाहन का ढाला खुलने से उसमें लदे गोवंश इधर-उधर दौड़ने लगे। लोगों की मदद से उनको पकड़कर देखभाल के लिए ग्रामीणों को सौंप दिया गया। इस सबंध में पटहेरवा एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि अज्ञात तस्करों के खिलाफ पशु क्रूरता की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-11-2022



सोमवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक को रक्तचाप जांचने की मशीन सौंपी। • हिन्दुस्तान

# रक्तचाप की मॉनिटरिंग को बनेगी डेस्क

महराजगंज। पुलिस कार्यालय व थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के सेहत की मानीटरिंग के लिए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सराहनीय पहल किया है। सभी थानों पर कार्यालय में बीपी( रक्तचाप) मानीटरिंग डेस्क की स्थापना की जाएगी। एसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार ने बीपी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराना शुरू कर दिया है।

# सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया

खनुआ। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के खनुआ चौकी प्रभारी राम रतन यादव के नेतृत्व में सोमवार को सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर ट्रैफिक के नियमों का पालन करने और सुरक्षा का उपाय बताया गया। चौकी प्रभारी ने बाइक चालको को अपने हाथों से हेलमेट पहनाया। हेलमेट से होने वाले लाभों को बताया। साथ ही नियम तोड़े जाने पर होने वाले जुर्माने और सजा की जानकारी दी।

# पति-पत्नी और पुत्र को 10 साल का सश्रम कारावास

## गैर इरादतन हत्या

महराजगंज, निज संवाददाता। फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने फरेंदा क्षेत्र में गैर इरादतन हत्या के पांच साल पुराने मामले में आरोपी रामचंद्र, उसकी पत्नी राजकुमारी व पुत्र परमात्मा को दोषी करार दिया है। दस-दस साल का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है।

पत्रावली के मुताबिक फरेंदा थाना क्षेत्र के भगवतनगर परसिया टोला हथौसा निवासी वादी मुकदमा परमेश्वर ने 3 मई 2017 को स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सार्वजनिक रास्ता को चारपाई डाल कर बंद करने के मामले में पूछताछ पर आरोपितों ने गाली-गलौज किया। आरोपित के बड़े पुत्र परमात्मा ने कुल्हाड़ी के बेंट से वादी मुकदमा परमेश्वर की पत्नी पार्वती के सिर पर प्रहार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक से पार्वती को पीएचसी बनकटी ले गए, जहां चिकित्सक ने पार्वती को मृत घोषित कर दिया। मामले में फरेंदा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित परमात्मा पुत्र रामचंदर, रामचंदर पुत्र दशरथ व राजकुमारी पत्नी रामचन्दर के खिलाफ केस दर्ज किया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। विचारण के दौरान लोक अभियोजक सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजीत सिंह ने गवाहों की गवाही कराकर सजा की मांग की। पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व गवाहों की गवाही पर अभियुक्त परमात्मा , रामचंदर व राजकुमारी को दोषी करार देते हुए दस-दस साल की सश्रम कैद की सजा सुनाई।

**निचलौल।** निचलौल नगर पंचायत के कृष्णा नगर मोहल्ला निवासिनी अभिलाषा ने पुलिस को तहरीर देकर पति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में इनका आरोप है कि वह निचलौल मार्केट में कुछ सामान खरीदारी कर रही थी। इस बीच उनके पति आए और मारने पीटने लगे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने हरिगोपाल निवासी कस्बा निचलौल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के ग्राम कोहड़वल में पारिवारिक विवाद में रविवार को महिला विमलावती को उसके पति और ससुर ने पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में महिला की तहरीर पर उसके पति दयानन्द, ससुर और जेठ दिनेश तथा तीन अन्य महिलाओं के खिलाफ बलवा और घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# हत्या के प्रयास मामले में 5 को आजीवन कारावास

## फैसला

महराजगंज, निज संवाददाता। कोल्हुई में मारपीट, हत्या का प्रयास व एससीएसटी एक्ट से जुड़े 24 साल पुराने मामले में दीवानी न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया। उनके खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 1 लाख 92 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

पत्रावली के मुताबिक मामला ग्राम व थाना कोल्हुई का है। 5 जून 1998 को सुबह आठ बजे नाली के पानी को लेकर विवाद हुआ। इसमें वादी की पत्नी के साथ गांव के ही राजेन्द्र यादव, कन्हई यादव, चौथी चौधरी, ओरी यादव, जोगिन्दर यादव ने मारपीट किया। जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। उसी दिन रात आठ बजे वादी का पुत्र मुन्ना कुछ सामान खरीदने चौराहे की तरफ जा रहा था। दुर्गा मंदिर के पास आरोपितों ने हमला कर दिया। किसी तरह मुन्ना की जान बची। इस मामले में वादी कम्मल धोबी ने कोल्हुई थाना में तहरीर दी, जिसके आधार पर



- कोर्ट ने सजा के साथ 1 लाख 92 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- कोल्हुई में 24 साल पहले हुई थी मारपीट व हत्या के प्रयास की घटना

3(2)(5) एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी फणीन्द्र नाथ त्रिपाठी ने गवाहों की गवाही कराकर न्यायालय से सजा की मांग किया। पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व सबूत के आधार पर विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने धारा 147, 148, 323/149, 324/149, 307/149 अ[illegible] का सश्रम कारावास व धारा 3(2)(5)

# बलवा और हत्या के प्रयास के मामले में पांच को आजीवन कारावास

**जासं, महराजगंज:** 24 वर्ष पुराने मुकदमे में जिला न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट और एससी-एसटी के एक मामले में पांच को दोषी सिद्ध माना है। पांचों अभियुक्तों आजीवन कारावास और 1,92500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड न जमा करने पर अभियुक्तों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी फणींद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 1998 में खास ग्राम कोल्हुई थाना कोल्हुई निवासी कम्मल ने पांच जून 1998 को गांव के ही राजेंद्र यादव, कन्हई यादव, चौथी चौधरी, ओरी यादव, और जोगिंदर यादव के विरुद्ध मारपीट, बलवा, एससी-एसटी और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में विवेचक ने जांच पूरी कर सभी के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया। तभी से यह मुकदमा सुनवाई में चल रहा था। गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सजहा सुनाई है।

## मारपीट के मामले में तीन को दो वर्ष का कारावास

**महराजगंज :** पांच वर्ष पुराने मारपीट के मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने सोमवार को तीन अभियुक्तों को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों के विरुद्ध पांच वर्ष पूर्व 2017 में फरेंदा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। सहायक शासकीय अधिवक्ता अजीत सिंह व देवेंद्र पांडेय ने गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर सजा की मांग की थी। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि फरेंदा थाना क्षेत्र के भगवतनगर परसिया निवासी वादी परमेश्वर ने परमात्मा, रामचंद्र और राजकुमारी के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने फैसला सुनाया है।

# नेपाल में मतदान के बाद सोनौली सीमा से आवागमन शुरू

**जागरण संवाददाता, सोनौली** : नेपाल में प्रदेश व केंद्रीय प्रतिनिधि सभा (सांसद व विधायक ) के चुनाव की वजह से 72 घंटे सील रही भारत-नेपाल सीमा सोमवार से खुल गई। नेपाल में रविवार की देर शाम तक मतदान हुआ। रात करीब 10 बजे मतगणना शुरू हुई और रात 12 बजे सीमा सील समाप्त कर दिया गया।

सोनौली सीमा पर आवागमन के लिए सोमवार की सुबह से ही भारी भीड़ जुट गई थी। सीमा के दोनों ओर फंसे पर्यटकों व व्यापारियों ने राहत की सांस ली। पर्यटक सरहद पार कर गंतव्य की ओर रवाना हुए। सीमावर्ती क्षेत्र के बाजारों में फिर से भीड़ व चहल-पहल लौट आई। खुली सीमा के पगडंडी रास्तों से भी आवागमन शुरू हो गया।

सोनौली व भगवानपुर के तमाम व्यापारियों ने बताया कि तीन दिन सीमा सील होने से कोरोना काल के लाकडाउन जैसी स्थिति बन गई थी। उनका व्यापार पूर्णतया नेपाली ग्राहकों के भरोसे चलता है। एसएसबी 22वीं वाहिनी के सेनानायक एलपी उपाध्याय ने कहा कि सोमवार से सीमा आवागमन के लिए खोल दी गई है। व्यापारी संजीव जायसवाल ने कहा कि भारत-



सोनौली सीमा से आवागमन करते लोग ● जागरण

नेपाल की सीमा सील होने से उनका व्यापार ठप हो गया था। सीमा खुलने से खुशी है। नेपाली ग्राहक दुकान पर आने लगे हैं। व्यापारी बैजनाथ वर्मा ने बताया कि तीन दिन सीमा सील ने कोरोना काल के लाकडाउन की तरह का एहसास करा दिया। सीमा सील खुलने से खुशी है।

# हत्या के प्रयास के मामले में चार को उम्रकैद

## दोषियों के खिलाफ एक लाख 92 हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्हुई में वर्ष 1998 में हुए मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन पर कुल एक लाख 92 हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

कोल्हुई निवासी कम्मल धोबी ने पांच जून 1998 को कोल्हुई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सुबह आठ बजे नाली व पानी के विवाद में उसकी पत्नी को गांव के ही राजेंद्र यादव व कन्हई यादव (सगे भाई), चौथी चौधरी व जोगिन्दर यादव ने न सिर्फ मारा-पीटा, बल्कि जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। पुनः शाम को रात आठ बजे वादी का पुत्र मुन्ना घरेलू सामान लेने चौराहे की तरफ जा रहा था तो दुर्गा मंदिर के पास सभी लोगों ने उस पर हमला कर दिया।

विवेचक की ओर से मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फणीन्द्र नाथ त्रिपाठी ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष गवाहों को पेश कर सजा की मांग की जिस पर साक्ष्यों को देखने व गवाहों को सुनने के बाद उन्होंने सभी को आजीवन कारावास, दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई।


# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

# रोगाणुओं के हमले को भी रोकेगा योग

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम नगर थाने में योग विज्ञान शिविर का आयोजन थानाध्यक्ष र्मेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमे योग प्रशिक्षकों ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जवानों के उत्तम स्वास्थ्य, रोग एवं तनावमुक्त जीवन के लिए प्राणायाम व योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया।

अनुलोम विलोम प्राणायाम कराते हुए गरुण वज पाण्डेय ने बताया कि हर प्राणी के अन्दर एक डॉक्टर बैठा हुआ है जो उसे स्वास्थ्य प्रदान करने हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है। रोगाणुओं के हमले को कैसे रोका जाय, उन्हे कैसे पकड़ें, इन सारी व्यवस्थाओं का नियन्त्रण शरीर के अन्दर बैठा हुआ आपका अपना डाक्टर स्वयं करता है। इसी शक्ति को सेल्फ मानीटरिंग एण्ड ट्रीटमेण्ट सिस्टम कहते हैं। प्राणायाम से इस स्टिम को पूर्ण सक्रिय किया जा सकता है। थानाध्यक्ष र्मेन्द्र कुमार तिवारी के साथ सहयोगी पुलिस कर्मी एवं समाज के लोगों ने भी योगासनों का अभ्यास किया। योग शिक्षक आदित्यनारायन गिरि ने मोटापा, जोड़ो में दर्द, एवं उदर विकार हेतु पृथ्वी एवं वायु विकार मुद्रा की जानकारी दी गयी। कहा कि एक बार सात्विक भोजन लेने के तीन घण्टे के अन्दर दुबारा खाने की आदत छोड़ देनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने मर्कटासन, अर्द्ध हलासन,वज्रासन, वीरासन, सूर्य नमस्कार, पवनमुक्तासन, द्विचक्रिकासन और पादानुवृत्तासन का अभ्यास कराते हुए बताया कि साँसों के साथ योगाभ्यास करने से अपेक्षित लाभ मिलता है।



बस्तीः योगाभ्यास करते पुलिसकर्मी। फोटो : एसएनबी

# मातहतों संग एसपी ने निकाली बाइक रैली

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद में चल रहे यातायात माह के क्रम में लोगो को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस के जवानों द्वारा बाइक रैली निकाली गयी। रैली को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने जीआईसी ग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

यातायात माह नवम्बर के ष्टिगत सोमवार को एसपी द्वारा यातायात जागरुकता रैली को जीआईसी ग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं रैली में शामिल होकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी से गाड़ी चलाते समय हेलमेट, सीट-बेल्ट आदि लगाने हेतु अपील की गई। मोटरसाइकिल रैली गांीनगर, कम्पनी बाग, फव्वारा तिराहा, मालवीय रोड होते हुए पुनः जीआईसी पर आकर समाप्त हुई। रैली को सम्बोित करते हुए पुलिस अीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि रूल ऑफ रोड का पालन अगर हम नही करेंगे तो दुर्घटनाएं बढ़ेगी और दुर्घटना होने से किसी भी का परिवार बिखर सकता है। जिसे देखते हुए हमें अमूल्य जीवन को बचाने के लिए यातायात के नियमो का पालन करना जरूरी है। रैली में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय, थानायक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप सिंह व यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



बस्तीः बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाते एसपी आशीष श्रीवास्तव। फोटो : एसएनबी

# कर्मचारियों के साथ डीआईजी ने की बैठक



बस्तीः बैठक को सम्बोाित करते डीआईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

**बस्ती (एसएनबी)।** सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने मण्डल के तीनों जनपदो के प्रान लिपिक शाखा के अाकिारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैइक में डीआईजी ने चरित्र सत्यापन तथा मृतक आश्रित नियुक्त पाने वालो के औपचारिकताओं का निस्तारण अतिशीघ्र कराने हेतु मातहतों को निर्देश दिया।

पुलिस उप महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्रीय कार्यालय पर समीक्षा बैठक में सर्व प्रथम बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर के आकिारी एवं कर्मचारीगण से परिचय प्राप्त किया। जिसके उपरान्त परिक्षेत्र के जनपदो के विभिन्न प्रकार के चरित्र सत्यापनों को सीटीजन चार्टर के अनुसार प्रार्थना पत्र के 15 दिवस में निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंाित को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रित में नियुक्ति पाने वाले कर्मी को जो भी प्रारूप की आवश्यकता हो तो सम्बनित कर्मी को प्रदान कर 30 दिवस के अन्दर पूर्ण कराकर निस्तारण करा लिया जाय एवं सम्बनित पत्रावली को सेवायोजन हेतु सम्बनित को प्रेषित कर दिया जाय। पूर्व के लम्बित पत्रावली को अतिशीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। अपराा सम्बनी पत्रावलियों का अनावश्यक विलम्ब न किया जाय।

इस दौरान परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के प्रान लिपिक शाखा के प्रभारी व उनके आीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के प्रान लिपिक एसआईएम विनय कुमार उपायाय भी उपस्थित रहें।

# अवैध शराब बिक्री की सूचना पर दबिश देने पहुंची पुलिस टीम से चेयरमैन की झड़प

**रूधौली (एसएनबी)।** रविवार की देर रात नगर पंचायत के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड में एक महिला द्वारा अवैा शराब बिक्री की सूचना पर दबिश देने पहुंची पुलिस टीम से नगर पंचायत रुाौली के चेयरमैन ाीरसेन निषाद की झड़प हो गई ए

मिली जानकारी के अनुसार अवैा शराब बिक्री की सूचना पर रुाौली थाने के मुख्य आरक्षी दिग्विजय सिंह एवं आरक्षी अभिलाष प्रताप सिंह नगर पंचायत के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड निवासिनी कबूतरा देवी के घर दबिश देने पहुंचे इसी बीच मामले की जानकारी उसी वार्ड में चुनाव को लेकर जनसंपर्क कर रहे नगर पंचायत रुाौली के चेयरमैन ाीरसेन निषाद को हुई तो वह मौके पर पहुंचे । पुलिसिया कार्रवाई को लेकर चेयरमैन ाीरसेन निषाद एवं पुलिस टीम के बीच तीखी नोकझोंक हुई ।

प्रकरण में एक ओर पुलिस का कहना है कि दबिश में नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड निवासिनी कबूतरा देवी के घर से 28 सीसी पैक देसी शराब बंटी बबली बरामद किया गया। बरामी के आाार पर थाना रुाौली पर मुकदमा अपराा संख्या 270/22 ाारा 60 आबकारी अाानियम पंजीत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अपराा निरीक्षक मनोहर लाल ने बताया कि वार्ड में अवैा शराब की बिक्री की सूचना पर जब पुलिस बल पहुंचा तो महिला द्वारा अवैा शराब बेचा जा रहा था और लोग शराब भी पी रहे थे और महिला के पास से बोरे में रखी 28 शीशी बन्टी बबली ब्रांड की देसी शराब बरामद की गई है प्वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत रुाौली के चेयरमेन ाीरसेन निषाद का आरोप है कि प्रकरण की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो वहां पर आरोपी बताई जा रही महिला अपने किराने की दुकान पर मौजूद थी। उसकी दुकान से नमकीन इत्यादि खरीद कर कुछ लोग वहां शराब पी रहे थे। घर के बगल कुछ दूरी पर देसी शराब के कुछ खाली डिब्बे पड़े हुए थे, पुलिस उसी के आरोप पर महिला को दोषी बता रही है। अवैध शराब की बिक्री कर रही महिला की गिरफ्तारी के दौरान नगर पंचायत के अयक्ष से पुलिस की हुई तीखी नोकझोंक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# चार जुआरियों पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती** । सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलने के मामले में नगर पुलिस ने चार लोगो को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही किया है। हार जीत की बाजी लगाकर सर्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने की सूचना मिलने पर नगर पुलिस ने दबिश डालकर चार लोगो को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान सोनू गुप्ता पुत्र पल्टू गुप्ता, सनोज कुमा पुत्र परमदेव, रामबहोरे पुत्र रामभजन, राजकुमार पुत्र राममिलन निवासीगण मटेरा थाना नगर के रूप हुई। इस दौरान पुलिस को मौके पर ताश के 52 पत्ते व मालफड़ से 640 रूपये नकदी के साथ ही तलाशी में 220 रूपये नगर बरामद हुआ। इस सम्बन में पुलिस ने 13 जुआ अिानियम के तहत सभी आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया है।

# 28 शीशी देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बस्ती** । जिले की रूऔली थाने की पुलिस ने एक महिला को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन में पुलिस ने बरामद शराब को जप्त करते हुए महिला पर मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही किया है। जनपद में अवैा शराब की विक्री पर अंकुश लगाये जाने के सम्बन में चलाये जा रहे अभियान के तहत रूऔली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक महिला को संदिग परिस्थितियों में गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी ली गयी तो मौके पर महिला के पास से अवैा रूप से 28 शीशी देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में महिला की पहचान कबुतरा देवी पत्नी रामहित निवासी मुड़ियार थाना रूऔली के रूप में की गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध ाारा 60 आबकारी अिानियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही किया है।

# ऑनलाइन फ्रॉड के 43 हजार वापस कराए

**बस्ती।** साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन फ्राड कर एक महिला के खाते से निकाले गए रुपये वापस कराने में सफलता मिली है। शिकायतकर्ता माया रानी पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासी बड़ा कटया थाना वाल्टरगंज ने एसपी आशीष श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात व्यक्ति ने रुपया निकाल लिया। एसपी ने साइबर सेल बस्ती की टीम को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। प्रभारी मजहर खान के साथ कांस्टेबल मोहन यादव, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, घनश्याम यादव, संदीप कुमार, रुपेश यादव, गौरव यादव की टीम ने ऑनलाइन के माध्यम से निकाली गए 43 हजार 84 रुपया माया रानी के क्रेडिट कार्ड में वापस करा दिया।

# नर्सेज हॉस्टल खाली कराने के लिए कमिश्नर से गुहार

**सोनूपार (बस्ती) हिन्दुस्तान संवाद।** मेडिकल कॉलेज बस्ती के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने परिसर में बने नर्सेज हॉस्टल को खाली कराने के लिए अब मंडलायुक्त, बस्ती मंडल से गुहार लगाई है। हॉस्टल पर पुलिस कर्मियों का कब्जा है, व वहां पर पुलिस चौकी संचालित की जा रही है। इससे पूर्व उन्होंने अक्टूबर में एसपी को पत्र लिखकर हॉस्टल खाली कराने का अनुरोध किया था। हॉस्टल खाली न होने से बीएससी नर्सिंग की कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं।

उत्तर प्रदेश नर्सेज एवं मिडवाइब्ज काउंसिल उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से 22 अगस्त को पत्र लिखकर बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। बस्ती के लिए 60 सीट का आवंटन किया गया है।



शहर में सोमवार को एसपी की अगुवाई में यातायात जागरूकता रैली निकाली गई।

# एसपी की अगुवाई में निकली जागरूकता रैली

**बस्ती।** यातायात माह के तहत सोमवार को जीआईसी ग्राउण्ड से जागरूकता रैली निकाली गई। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया और फिर खुद भी रैली में बाइक लेकर शामिल हो गए। इस दौरान आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी से गाड़ी चलाते समय हेलमेट, सीट-बेल्ट आदि लगाने की अपील की गई।

# देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

रुधौली। नगर पंचायत रुधौली के मुड़ियार गांव में अवैध तरीके से देशी शराब बेच रही एक महिला को रुधौली पुलिस ने रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद ने महिला को छुड़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला को जेल भेज दिया।

नगर पंचायत रुधौली क्षेत्र के मुड़ियार गांव में मुखबिर की सूचना पर रविवार की देर रात पहुंची पुलिस टीम ने कबूतरा देवी के घर छापा मारा। तलाशी के दौरान कबूतरा देवी के पास से 28 शीशी बंटी बबली देशी शराब बरामद हुई।

# एसडीएम ने शांतिभंग में 11 लोगों को भेजा जेल

**हर्रैया।** हर्रैया एसडीएम गुलाबचंद ने सोमवार को गौर, छावनी, दुबौलिया व परसुरामपुर थाने के कुल 10 लोगों को शांतिभंग के आरोप में जेल भेज दिया। धौरहरा चौहान निवासी सत्येन्द्र सिंह, बंजरिया सूजी गांव निवासी प्रदीप सिंह, रजवापुर गांव के असलम व सूरज विश्वकर्मा, चकसड़ गांव निवासी सुनील व रामबहाल, बाहाकंडर निवासी सतीश चन्द्र श्रीवास्तव व शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, चकचई गांव निवासी चंद्र कुमार व राकेश का शांतिभंग में चालान किया गया।

# कारागार में बंदियों को मिल रहा प्रशिक्षण

**बस्ती।** कारागार में निरूद्ध बंदियों को समाज से जोड़ने व उनको बाजार के हिसाब से प्रशिक्षण प्रदान करना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ अधीक्षक दिलीप पांडेय ने बताया कि जिला कारागार में महिला बंदियों के लिए सिलाई, कढ़ाई और पुरूष बंदियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। कारागार में यह प्रशिक्षण तकनीकी एवं औद्योगिक संस्थान परियोजना कार्यालय सरस्वतीपुर लखनऊ के सहयोग से शुरू किया गया है।

# चरित्र सत्यापन 15 दिन में सुनिश्चित करें

**बस्ती, निज संवाददाता।** परिक्षेत्र के बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर जनपद के प्रधान लिपिक शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ डीआईजी आरके भारद्वाज ने सोमवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि परिक्षेत्र के जनपदों में विभिन्न प्रकार के चरित्र सत्यापनों को सिटीजन चार्टर के अनुसार प्रार्थना पत्र के 15 दिवस में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

मृतक आश्रित में नियुक्ति पाने वाले कर्मी को जो भी प्रारूप की आवश्यकता हो। उसे 30 दिवस के अन्दर पूर्ण कराकर निस्तारण करा लिया जाए। सम्बन्धित पत्रावली को सेवायोजन के लिए समयबद्ध ढंग से प्रेषित कर दिया जाए। पूर्व के लम्बित पत्रावली को अतिशीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। अपराध सम्बन्धी पत्रावलियों का अनावश्यक विलम्ब न किया जाए और अतिशीघ्र निस्तारण करें।

इस दौरान परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के प्रधान लिपिक शाखा के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के प्रधान लिपिक एसआईएम विनय कुमार उपाध्याय भी उपस्थित रहे।



सोमवार को रेंज कार्यालय पर तीनों जिलों के प्रधान लिपिक शाखा के अधिकारियों व कर्मियों संग समीक्षा बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। • हिन्दुस्तान

# नाबालिग छात्रा संग रेप की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

## शर्मनाक

**हर्रैया/ बस्ती, हिटी।** हर्रैया थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में पढऩे जाते समय कक्षा सात की छात्रा के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाइक से पहुंचा युवक उसे खींचकर बाग के किनारे झाड़ियों में ले गया। मगर पीछे से आ रहे स्कूली बच्चों के देखने पर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता के बयान के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

सूचना पर पहुंचे एएसपी दीपेंद्र चौधरी ने सीओ शेषमणि उपाध्याय व एसएचओ शैलेष कुमार सिंह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएसपी ने बताया कि आरोपी शिवा चौहान पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह करीब पौने नौ बजे 13 वर्षीय छात्रा परीक्षा देने स्कूल जा रही थी। विद्यालय से करीब 100 मीटर पहले बाग के किनारे पहुंचने पर बाइक से पहुंचा युवक उसे रोककर छेड़खानी करने लगा। पीड़िता के अनुसार धमकाते हुए वह उसे खींचकर बाग के किनारे झाड़ियों की तरफ ले गया। दुष्कर्म के प्रयास में छात्रा के कपड़े फाड़ डाले।

# पांच पर दर्ज होगा अपहरण का केस

बस्ती। सीजेएम तारकेश्वरी सिंह की अदालत ने युवक को गायब कराने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज करने का आदेश पैकोलिया पुलिस को दिया है।

मंजू देवी ने अधिवक्ता एसएन दूबे के जरिए अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 21 सितम्बर 2022 को बेटे अनिल कुमार को गांव के चंद्रभान व उनकी पत्नी चंद्रावती व उनके रिश्तेदार चंद्रशेखर, आंचल व चंद्रशेखर की पत्नी, निवासी मकोईया शादी के लिए लड़की को दिखाना है। इसके बाद से बेटे को वापस करने के लिए दो लाख की मांग की जा रही है।

# खाद्यान्न की जांच में मिली गड़बड़ी, दर्ज होगा केस

**शिकंजा**



पकड़ा गया ट्राली पर लदा खाद्यान्न।

- शंकरदास इंटर कॉलेज मोहम्मदनगर रामनगर का मामला
- रविवार को ग्रामीणों ने पकड़ी थी खाद्यान्न लदी ट्रैक्टर-ट्राली

**भानपुर (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** भानपुर तहसील के संतकबीर शंकरदास इंटर कॉलेज मोहम्मदनगर से रविवार रात करीब 8.30 बजे निकल रही ट्रैक्टर-ट्राली पर अनाज देख ग्रामीणों ने उसे शक के आधार पर रोक लिया। ट्राली पर सरकारी बोरे में अनाज भरा देख ग्रामीणों ने एसडीएम व चौकी प्रभारी असनहरा को सूचना दी। चौकी प्र्भारी मनीष जायसवाल ने चालक को हिरासत में लेकर अनाज लदा ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया और थाने पर ले आए। सोमवार को एसडीएम जीके झा ने निर्देश पर टीम जांच करने स्कूल में पहुंची। अनियमितता सामने आने के बाद मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

रात में स्कूल से निकल रहे एमडीएम के खाद्यान्न को प्राइवेट दुकानदार को बेचे जाने की आशंका जताई जा रही है। ट्राली पर करीब 17 कुंतल अनाज लदा होना बताया जा रहा है। सोमवार को तीन सदस्यीय टीम में शामिल खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर नीरज सिंह, पूर्ति निरीक्षक भानपुर कुलभूषण श्रीवास्तव और चौकी प्रभारी असनहरा मनीष जायसवाल संतकबीर शंकरदास इंटर कॉलेज मोहम्मदनगर पहुंचे। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि 17 मार्च 2022 को विद्यालय के प्रधानाचार्य स्तर से गांव के कोटेदार से 23कुंतल 21 किलो गेहूं व 50 कुंतल 17 किलो चावल प्राप्त किया गया है।

वहीं बीईओ रामनगर नीरज सिंह ने बताया कि इसके बारे में बेसिक शिक्षा अधिकारी व एसडीएम को अवगत कराते हुए इस मामले में प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा। एसएचओ सोनहा रवीन्द्र सिंह ने बताया कि अभी तक किसी अधिकारी स्तर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर उचित कार्रवाई होगी।

# मिड डे मील के स्टाक मिलान में कम पाया गया राशन



संत कबीर शंकर दास इंटर कालेज मोहम्मद नगर में मिड डे मील का स्टाक जांचने पहुंची टीम ●जागरण

**जागरण संवाददाता, भानपुर, बस्ती :** संतकबीर शंकर दास इंटर कालेज मोहम्मद नगर में मिड डे मील स्टाक रजिस्टर मिलान में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद मामले में संलिप्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी शुरू हो गई है। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर नीरज सिंह ने आरोपित लिपिक गुरु प्रसाद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को अपनी आख्या भेज दी है।

रविवार की रात में मिड डे मील का राशन बेचे जाने की सूचना पर ग्रामीण विद्यालय के गेट पर पहुंच गए। ट्रैक्टर-ट्राली पर राशन की बोरियां लदी देख ग्रामीणों ने डायल 112 व उपजिलाधिकारी भानपुर को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया। ट्राली पर कुल 37 बोरी राशन लदा था। एसडीएम गिरीश कुमार झा ने खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर व पूर्ति निरीक्षक को स्टॉक की जांचकर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया था। इस क्रम में सोमवार की सुबह खंड शिक्षा अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक कुलभूषण श्रीवास्तव संयुक्त रूप से जांच को पहुंचे। राशन की तौल कराई व स्टाक का मिलान किया तो स्टाक कम मिला। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अनियमितता की पुष्टि होने पर जांच आख्या बीएसए के पास भेज दी गई है। विद्यालय के राशन कक्ष को भी सील कर दिया गया है। दूसरी तरफ विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्र बहादुर ने कहा कि विद्यालय की चाबी लिपिक के पास रहती थी। वह ही हिसाब किताब जानें।

# दबिश देने पहुंची पुलिस टीम और चेयरमैन में हुई झड़प

**जासं, रुधौली, वस्ती :** रविवार की देररात नगर पंचायत रुधौली के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड में एक महिला द्वारा अवैध शराब बिक्री की सूचना पर दबिश देने पहुंची पुलिस टीम से चेयरमैन धीरसेन निषाद की झड़प हो गई।

अवैध शराब बिक्री की सूचना पर रुधौली पुलिस कबूतरा देवी के घर दबिश देने पहुंचे। इसकी जानकारी होते ही उसी वार्ड में चुनाव को लेकर जनसंपर्क पर निकले चेयरमैन धीरसेन निषाद भी मौके पर पहुंच गए। दबिश की कार्रवाई को लेकर चेयरमैन एवं पुलिस टीम के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस का कहना है कि दबिश में कबूतरा देवी के घर से 28 सीसी पैक देसी शराब बंटी-बबली बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर थाना रुधौली पर मुकदमा आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज किया गया है। निरीक्षक अपराध मनोहर लाल ने बताया कि वार्ड में अवैध रूप से शराब की बिक्री किए जाने की सूचना पर जब पुलिस टीम वहां पहुंची तो मौके पर महिला द्वारा शराब बेचा जा रहा था और लोग वहां बैठकर शराब पी रहे थे। महिला के पास से बोरे में रखी 28 शीशी बंटी-बबली देसी शराब भी बरामद की गई है। वहीं दूसरी तरफ चेयरमेन का आरोप है कि प्रकरण की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो वहां पर आरोपित बताई जा रही महिला किराने की दुकान पर मौजूद थी। उसकी दुकान से नमकीन इत्यादि खरीद कर कुछ लोग वहां शराब पी रहे थे। घर के बगल में देसी शराब की कुछ शीशी पड़ी थी। पुलिस उसी के आधार पर महिला को दोषी बता रही है।

# साइबर सेल ने महिला के 43 हजार रुपये वापस कराए

**बस्ती।** साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन फ्राड कर एक महिला के खाते से निकाले गए रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है।

शिकायतकर्ता माया रानी पत्नी सुरेंद्र कुमार, निवासी बड़ा कटया, थाना वाल्टरगंज ने एसपी आशीष श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनके क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात व्यक्ति ने रुपये निकाल लिए।

एसपी ने साइबर सेल की टीम को कार्रवाई के लिए निर्देशित किए। प्रभारी मजहर खान के साथ कांस्टेबल मोहन यादव, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, घनश्याम यादव, संदीप कुमार, रूपेश यादव, गौरव यादव की टीम ने ऑनलाइन के माध्यम से निकाले गए 43 हजार 84 रुपये माया रानी के क्रेडिट कार्ड में वापस करा दिए। संवाद

# जमीन के नाम पर रुपये हड़पने का आरोप, केस

**बस्ती।** कलवारी थाने में तहरीर देकर सैफाबाद निवासी विजय कुमार ने आरोप लगाया है कि विपक्षी ने जमीन दिलवाने के नाम पर उनसे 1.35 लाख रुपये पेटीएम से और तीस हजार रुपये नगद ले लिए। मगर न तो जमीन दिलाई और न ही रुपये वापस कराए। पुलिस ने कलवारी निवासी राजेश यादव पर केस दर्ज किया है। संवाद

# सुलह के लिए दबाव बनाने में छह पर केस

**बस्ती।** कोर्ट के आदेश पर नगर पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज किया है। कूढ़ा पट्टी दरियांव निवासी कुलदीप कुमार का आरोप है कि विपक्षियों ने नौ नवंबर 2021 को एकराय होकर मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाया। मना करने पर अपशब्द व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के सत्येंद्र पांडेय, कुनाल, मनीष समेत छह पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# योग विज्ञान शिविर में पुलिसकर्मियों ने सीखा आसन

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाने में सोमवार को योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग प्रशिक्षकों ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों के उत्तम स्वास्थ्य, रोग तथा तनावमुक्त जीवन के लिए प्राणायाम व योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया।

भारत स्वाभिमान समिति के योग प्रशिक्षक गरुण ध्वज पांडेय ने बताया कि हर प्राणी के अंदर एक चिकित्सक है, जो उसे स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। शिविर में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी के साथ सहयोगी पुलिसकर्मी एवं अन्य लोगों ने भी योगाभ्यास किया। योग शिक्षक आदित्य नारायन गिरि ने मोटापा, जोड़ो में दर्द, उदर विकार में पृथ्वी एवं वायु विकार मुद्रा की जानकारी दी। इसके लिए आहार के विषय में बताया। कहा कि बहुत देर में पचने वाला, अधिक गर्म एवं ठंडी तथा शरीर में गर्मी या सूखापन उन्पन्न करने वाले आहार योग साधक के लिए त्याज्य हैं। संवाद

# धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने के पांऊ निवासी ऋषभ कुमार का आरोप है कि विपक्षियों ने धोखाधड़ी कर व फर्जी तरीके से परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म पर उनकी तस्वीर लगाकर उसे सत्यापित कर लिया और खुद ही आर्थिक लाभ प्राप्त कर लिया।

पुलिस ने प्रबंधक अनुराग सिंह, प्रशासक अशोक कुमार सिंह, प्रिंसिपल मनोज पाठक व प्रवक्ता निरुपमा सिंह पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# अपहरण, हत्या का केस दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। सीजीएम की अदालत ने अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष पैकोलिया को दिया है।

थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने अधिवक्ता के जरिए अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 15 सितंबर 2022 को दिन में दो बजे गांव के ही एक व्यक्ति व उसकी पत्नी, अपने रिश्तेदार के साथ उनके घर लड़की की शादी के लिए आए थे। बातचीत में शादी तय हो गई। 21

## सीजेएम की अदालत ने दिया आदेश

सितंबर को लड़की को दिखाने की बात हुई और इसी दिन गांव के व्यक्ति के रिश्तेदार व गोंडा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति, उसकी पत्नी व बेटी महिला के के घर आई। वे सब उनके बेटे को देवस्थान ले जाने की बात कह कर अपने साथ ले गए। शाम को सब लोग वापस घर आए, लेकिन उनका बेटा नहीं लौटा।

जब सब लोगों से उसके बारे में पूछा तो सबने कहा कि दो लाख रुपये देंगी, तभी उनके बेटे के बारे में बताया जाएगा। रुपये देने में असमर्थता जताने पर बेटे को खत्म करने की धमकी दी गई। इसके बाद उनके बेटे का कुछ पता नहीं चला। उल्टे सबने अपहरण व हत्या से बचने के लिए दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया।

पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश तारकेश्वरी सिंह ने थानाध्यक्ष पैकोलिया को मुकदमा दर्ज कर 15 दिन में कोर्ट को अवगत कराने का आदेश दिया।

# पुलिसकर्मियों से जनप्रतिनिधि की बहस

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुधौली।** नगर पंचायत रुधौली के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड में महिला की ओर से शराब की बिक्री करने की सूचना मिलने पर पुलिस दबिश देने पहुंच गई। वहां खड़े एक स्थानीय जनप्रतिनिधि से पुलिसकर्मियों की तीखी बहस हो गई। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक, शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस टीम नगर पंचायत के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड निवासी महिला के घर दबिश देने पहुंचे। उसी वार्ड में जनसंपर्क कर रहे जनप्रतिनिधि को इसकी सूचना मिल गई। वह मौके पर पहुंच गए। प्रकरण में पुलिस का

## शराब की बिक्री होने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

कहना है कि दबिश के दौरान कबूतरा देवी के घर से 28 सीसी देसी शराब बरामद की गई।

थाना रुधौली में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर जनप्रतिनिधि का कहना है कि प्रकरण की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो वहां महिला अपने किराने की दुकान में मौजूद थी। उसकी दुकान से नमकीन खरीद कर कुछ लोग वहां शराब पी रहे थे। घर के बगल कुछ दूरी पर देसी शराब के कुछ खाली डब्बे पड़े हुए थे। पुलिस उसी के आधार पर महिला को आरोपी बता रही है।

# सिटीजन चार्टर के अनुसार निस्तारण कराएं

**बस्ती।** परिक्षेत्र के बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर जनपद के प्रधान लिपिक शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ डीआईजी आरके भारद्वाज ने सोमवार को बैठक की।

डीआईजी ने कहा कि विभिन्न प्रकार के चरित्र सत्यापनों को सिटीजन चार्टर के अनुसार प्रार्थनापत्रों के 15 दिवस के भीतर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मृतक आश्रित में नियुक्ति पाने वाले कर्मी को जो भी प्रारूप की आवश्यकता हो, उसे 30 दिवस के अंदर पूर्ण कराकर निस्तारण कराएं। पत्रावली को सेवायोजन के लिए समयबद्ध ढंग से प्रेषित करें। लंबित पत्रावली को अतिशीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। संवाद

# स्कूल जाती छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

## हर्रैया थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है छात्रा

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया।** क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ने जाते समय सातवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाइक से पहुंचा युवक उसे खींचकर बाग के किनारे झाड़ियों में ले गया। पीछे से आ रहे बच्चों के देख लेने के कारण वह भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता के बयान के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब पौने नौ बजे 12 वर्षीय छात्रा इतिहास व नागरिक शास्त्र की परीक्षा देने स्कूल जा रही थी। आरोप है कि विद्यालय से करीब 100 मीटर पहले बाग के किनारे पहुंचने पर बाइक से पहुंचा युवक उसे रोककर छेड़खानी करने लगा। पीड़िता के मुताबिक, धमकाते हुए वह उसे खींचकर बाग के किनारे झाड़ियों की तरफ ले गया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इसी बीच पीछे से आ रही पीड़िता की बहन व कुछ अन्य छात्रों को देखकर आरोपी भाग निकला।

**रास्ते से आते दूसरे विद्यार्थियों को देखकर आरोपी युवक भागा था**

छात्रा रोते हुए सड़क पर पड़ी रही। पीड़िता की बहन व अन्य विद्यार्थियों ने स्कूल पहुंचकर शिक्षकों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे शिक्षक उसे उठाकर विद्यालय ले गए और पीड़िता के परिजनों व पुलिस को सूचना दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व एक शिक्षक, छात्रा व उसके माता-पिता को बाइक से थाने लेकर पहुंचे। सूचना पर एएसपी दीपेंद्र चौधरी थाने पर पहुंचे। वहां से सीओ शेषमणि उपाध्याय व एसएचओ शैलेश कुमार सिंह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएसपी ने बताया कि परसौड़ा गांव के रहने वाले आरोपी शिवा चौहान पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# एसपी की अगुवाई में निकली यातायात जागरुकता रैली

## लोगों से यातायात नियमों के बारे में संवाद किया गया

संवाद न्यूज एजेंसी



एसपी आशीष श्रीवास्तव की अगुवाई में बाइक रैली निकाली गई। संवाद

**बस्ती।** यातायात माह के तहत राजकीय इंटर कॉलेज परिसर से जागरुकता रैली निकाली गई। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

एसपी भी बाइक लेकर रैली में शामिल हुए और लोगों से यातायात के नियमों के बारे में संवाद किया। मोटरसाइकिल रैली गांधीनगर, कंपनी बाग, फव्वारा तिराहा, मालवीय रोड होते हुए जीआईसी पर समाप्त हुई। इस दौरान आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सभी से गाड़ी चलाते समय हेलमेट, सीट-बेल्ट आदि लगाने की अपील की गई।

रैली में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप सिंह आदि कर्मचारी शामिल रहे।

# बीएमएम पर अभद्रता व हाथापाई का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

## फर्जी समूह गठन के बारे में जानकारी मांगने पर विवाद

**बस्ती।** गौर ब्लॉक में तैनात एडीओ आईएसबी इंद्रेश कुमार यादव ने ब्लॉक मिशन मैनेजर की बीडीओ से शिकायत की है। आरोप है कि बैठक के दौरान बीएमएम ने उनसे अभद्रता करते हुए हाथापाई की। मामला फर्जी स्वयं सहायता समूह के गठन से जुड़ा बताया जा रहा है।

एडीओ आईएसबी ने बताया कि 11 नवंबर को करीब पांच कर्मियों की मौजूदगी में वह बैठक ले रहे थे। बैठक में ग्राम पंचायत कुर्दा में फर्जी स्वयं सहायता समूह के गठन बारे में बीएमएम से जानकारी मांगी। उन्होंने बताया कि उनको इसकी जानकारी नहीं है। एडीओ ने जब कहा कि समूह का प्रबंधन सूचना प्रणाली उनकी ओर से की गई तो वह उग्र हो गए। आरोप है कि बीएमएम खड़े होकर गाली गलौज करने लगे और मारने को लपके तो एडीओ ने जैसे-तैसे खुद का बचाव किया।

बीडीओ केदारनाथ कुशवाहा ने बताया कि शिकायत मिली है। चूंकि बीएमएम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारी होते हैं तो ऐसे में मामले में डीसी एनआरएलएम से कार्रवाई करने के लिए अनुरोध किया गया है। वहीं, डीसी एनआरएलएम रामदुलार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों कर्मियों का पक्षों सुनने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# मंगलसूत्र छीनने का आरोपी जेल भेजा गया

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के सुकरौली चौधरी गांव निवासी महिला से मंगलसूत्र छीनकर भागते समय पकड़े गए बदमाश को सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पैकोलिया थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव की पियारी देवी पत्नी राजाराम यादव रविवार दोपहर करीब दो बजे गांव के सामने उपले रख रही थीं। उसी समय बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और उनका मंगलसूत्र छीन लिया। भागते समय पीड़िता का लड़का शोर मचाते दौड़ा। हर्रैया थाना क्षेत्र के वंशीनगर के पास ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़ लिया था।

उसकी पहचान हर्रैया थानाक्षेत्र के पेड़ारी गांव निवासी गोविंद वर्मा के रूप में हुई थी। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पुत्र राम धीरज की तहरीर पर गोविंद वर्मा और उसी के गांव के सुनील वर्मा पर लूट का मुकदमा दर्ज किया गया। पकड़े गए गोविंद को न्यायालय भेजा गया। लूट में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संवाद

# ग्रामीणों ने राशन लदी ट्रॉली और ट्रैक्टर पकड़कर पुलिस को सौंपा

## विद्यालय में जांच करने पहुंचे अफसर, राशन कम होने, अभिलेख अपूर्ण होने की मिली जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

भानपुर/सोनहा। थाना क्षेत्र के असनहरा पुलिस चौकी अंतर्गत संत कबीर शंकर दास इंटरमीडिएट कॉलेज मोहम्मदनगर से एमडीएम के राशन की कालाबाजारी का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने राशन लदी ट्रॉली व ट्रैक्टर को पकड़ लिया, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

रविवार की देर रात गांव के कुछ लोगों ने विद्यालय गेट से राशन लेकर जा रही ट्रॉली व ट्रैक्टर को गेट के सामने ही रोक लिया। उसके बाद पुलिस को बुलाकर तथा एसडीएम गिरीश कुमार झा को सूचना देकर कार्रवाई कराने की मांग की। पुलिस ने राशन को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया।

एसडीएम के निर्देश पर मामले की जांच के लिए सोमवार की सुबह पूर्ति निरीक्षक भानपुर कुलभूषण श्रीवास्तव व बीईओ रामनगर नीरज सिंह चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल मोहम्मदनगर विद्यालय पहुंचे। वहां पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार की ओर से विद्यालय को उपलब्ध कराए गए राशन के अभिलेखों की जांच की, जिसमें 17 मार्च 22 को 23.51 क्विंटल गेहूं व 50 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया गया था। उसे प्रधानाचार्य ने अपने हस्ताक्षर से प्राप्त किया है।



ट्रॉली में पकड़ा गया राशन। संवाद

### मामले की जांच जारी, बीईओ बोले, प्रधानाचार्य पर दर्ज कराया जाएगा अभियोग



मोहम्मदनगर इंटर कॉलेज में राशन की तौल कराते पूर्ति निरीक्षक कुलभूषण श्रीवास्तव, बीईओ नीरज सिंह व चौकी इंचार्ज मनीष। संवाद

वहीं, बीईओ नीरज कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में मौजूद मिले राशन की तौल कराकर अभिलेखों की जांच की गई। उसमें राशन कम पाया गया है। अभिलेख भी अपडेट नहीं मिले हैं। सीसीटीवी कैमरा से हुई जांच में रविवार को स्कूल बंद पाया गया है, जबकि प्रधानाचार्य इंद्र बहादुर की ओर से प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है कि एमडीएम सबंधी सभी कार्य राशन प्राप्ति व वितरण उनकी ओर से किया जाता है।

बीईओ ने बताया कि प्रधानाचार्य पर अभियोग दर्ज कराया जाएगा। वही, प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में कुल 37 बोरी राशन, जिनमें चावल व गेहूं लदी ट्राली-ट्रैक्टर पकड़कर थाने में दाखिल किया गया है।

पूर्ति व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश व संबधित विभाग से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-11-2022

# हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास

## 2018 की घटना, जनपद एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**सिद्धार्थनगर।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार मलिक ने हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास एवं 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने की दशा में अभियुक्तों को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

चिल्हिया थानाक्षेत्र के ग्राम बूढ़ापार निवासी घरभरन पुत्र सुन्नर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 14 अक्टूबर 2018 की रात में वह तथा उसकी पत्नी खाना खाकर घर के बरामदे में सो रहे थे। रात दो बजे गांव के ही रामवृक्ष उर्फ आलू यादव पुत्र सुखदेव व सुखदेव पुत्र मेढई घर पहुंचे। असलहे से उसकी पत्नी निर्मला देवी को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना के बाद दो लोगों को हत्या एवं अवैध असलहे का आरोपी बनाकर न्यायालय के समक्ष आरोपपत्र प्रेषित किया।

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपित रामवृक्ष उर्फ आलू यादव पुत्र सुखदेव एवं सुखदेव पुत्र मेडई यादव निवासीगण ग्राम बूढापार को घटना का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। सरकार की तरफ से पीड़ितों की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता अखिलेश नारायण श्रीवास्तव ने की। संवाद

# पति समेत पांच पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**शोहरतगढ़।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के कपिया खालसा गांव में हुई विवाहिता की मौत के मामले में उसकी मां की तहरीर पर सोमवार को पति, सास, ससुर, ननद और जेठ के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने आरोपी ससुर सहतू को सोमवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कपिया खालसा में रविवार को चांदनी (22) की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, चांदनी के मायका लोटन थाना क्षेत्र के मुड़िला से उसकी मां ने कपिया खालसा पहुंचकर उसने दामाद और समधी अहित अन्य परिजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। देर शाम मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति दिनेश, सुसर सहतू, सास बसंती, ननद और जेठ रमेश के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के जुट गई। संवाद

# परिवार के साथ देश सेवा में निभाएं अहम भूमिका : एसपी

## जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई में आयोजित 22वीं जनपदीय स्काउट गाइड रैली का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी





जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई में जनपदीय स्काउट गाइड रैली के समापन समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कई विद्यालयों के स्काउट व गाइड। संवाद

**धेंसा।** जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई में आयोजित 22वीं जनपदीय स्काउट गाइड रैली के समापन समारोह सोमवार को हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि सभी स्काउट गाइड अपने मिशन को आगे बढ़ाये, तीन दिवसीय रैली से प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने जीवन में करें। आप लोग अपना व अपने परिवार के साथ देश सेवा में अपने अहम भूमिका का निर्वहन करें।

प्रधानाचार्य नवीउल्ला खां ने कहा कि सभी स्काउट गाइड की टीम ने इस रैली से जो ज्ञान अजिज्त किया है। वह आपके जीवन में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मोर्य, संस्थापक प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नलिनीकांत त्रिपाठी, शिक्षक अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने भी सभी टीमों के स्काउट गाइड के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान शिक्षक सच्चिदानन्द शुक्ल, जिला कमिश्नर हरिश्चंद्र यादव, मनोज कुमार मिश्र, शिक्षक पूर्णेश्वर मिश्र, जिलाध्यक्ष राम विलास यादव, मंत्री हृदय नारायण मिश्र, रामनवल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य संतराम चौरसिया, अंगद प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**इन टीमों को मिला इतना अंक :** नगर माध्यमिक सीनियर गाइड टीम में शिवपति इंटर कॉजले शोहरतगढ़ 72, जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई 71 अंक के साथ ए ग्रेड प्राप्त किया। जूनियर गाइड टीम में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार 62 अंक, शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ 63 अंक, सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार ने 68 अंक प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया। इसी तरह से नगर सीनियर स्काउट टीम अंतर्गत शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ 74, जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई 70, गांधी आदर्श इंटर कॉलेज बढनी 68 अंक प्राप्त करके ए ग्रेड हासिल किया।

नगर जूनियर स्काउट में श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार 67, गांधी आदर्श इंटर कॉलेज बढनी ने 68 अंक प्राप्त करके ए ग्रेड एवं रतनसेन इण्टर कालेज बांसी ने 46 प्राप्त करके बी ग्रेड प्राप्त किया। ब्लॉक बेसिक स्काउट टीम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढ़ा 67, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जनियाजोत 58 अंक प्राप्त करके ए ग्रेड प्राप्त किया। ब्लॉक बेसिक गाइड टीम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनिया 73, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जनियाजोत 64 अंक प्राप्त करके ए ग्रेड प्राप्त किया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा 51 अंक प्राप्त करके बी ग्रेड प्राप्त किया। तीन दिवसीय रैली में कुल 34 टीमों ने प्रतिभाग किया। कुल 584 प्रतिभागियों ने रैली में हिस्सा लिया।

# पति सहित पांच पर केस पुलिस ने ससुर को पकड़ा

- चिल्हिया क्षेत्र के कपिया खालसा गांव का मामला
- संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी विवाहिता की मौत

चिल्हिया, हिन्दुस्तान संवाद। चिल्हिया थाना क्षेत्र के कपिया खालसा गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर मृतका के पति, सास, ससुर, ननद और जेठ के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी ससुर सहतू को सोमवार गिरफ्तार कर लिया।

कपिया खालसा में रविवार दोपहर चांदनी (22) की घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। चांदनी की मौत की खबर सुनकर उसके मायका लोटन थाना क्षेत्र के मुड़िला गांव से उसकी मां बसंती व अन्य पहुंच गए थे। मृतका की मां ने थाना पर तहरीर देकर दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पति दिनेश, सुसर सहतू, सास बसंती, ननद निशा और जेठ रमेश को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलफ धारा 398 ए, 304 बी, डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी ससुर सहतू को गिरफ्तार कर लिया गया है। चिल्हिया एसओ दीपक कुमार ने बताया कि मामले में अन्य की तलाश चल रही है।

# एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को दो वर्ष कारावास

सिद्धार्थनगर। एनडीपीएस एक्ट के आरोपी विश्वनाथ उर्फ मजनू को अपर एवं सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार द्वितीय ने दो वर्ष का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की धनराशि जमा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्तकारावास भुगतना होगा।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन शिकंजा अभियान के तहत ढेबरुआ पुलिस की प्रभावी पैरवी पर एनडीपीएस एक्ट के आरोपित को अपर एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दंडित किया गया है। उक्त मामले में थाना ढेबरुआ में धारा 8/22/23 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त विश्वनाथ उर्फ मजनूं पुत्र नौबर निवासी घरुआर थाना ढेबरुआ सिद्धार्थनगर को प्रभावी पैरवी कर दंडित कराया गया। सजा कराये जाने में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता, राम सूरत यादव व न्यायालय पैरवीकार नसीम अहमद थाना ढेबरुआ का योगदान रहा।

# साइबर सेल ने वापस कराए रुपये

सिद्धार्थनगर। साइबर अपराधियों की ओर से शहर के एक व्यक्ति के खाते से फ्राड कर 14760 रुपये निकाल लिए गए थे। शिकायत के बाद साइबर सेल ने पीड़ित के खाता में पूरी धनराशि वापस करा दी है। साइबर सेल प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि विकास कुमार गौंड़ निवासी हुसैनगंज थाना सिद्धार्थनगर ने शिकायत की थी कि उसके खाता से साइबर अपराधियों ने 14760 रुपये निकाल लिए गए हैं। बताया कि शिकायत मिले के बाद ट्रेस कर पीड़ित के खाता में सोमवार को धनराशि की वापसी करा दी गई है।

# किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

लोटन। किशोरी को अगवा करने के आरोपी को कोतवाली की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाल लोटन देवनंदन उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ किशोरी को अगवा करने के मामले में केस दर्ज किया गया था। आरोपी उसी गांव का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी थी। सोमवार को उसे घोघी नदी के पुल के पास से पकड़ लिया गया। थाने पर लाकर पूछताछ की गई। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक लोटन देवनन्दन उपाध्याय ने बताया कि विश्वजीत मौर्य उर्फ मनीष मौर्य पुत्र विजेंद्र मौर्य निवासी मुड़िली के खिलाफ धारा 363, 366ए के तहत केस दर्ज था। वह फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दहेज हत्या का आरोपित ससुर गिरफ्तार

**जासं, पल्टादेवी** : चिल्हिया थाना क्षेत्र के कपिया खालसा में रविवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद और जेठ के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर ससुर सहतु को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

घटना की शाम विवाहिता चांदनी की मां की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति दिनेश, सुसर सहतू, सास बसंती, ननद निशा और जेठ रमेश के खिलाफ दहेज मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के जुट गई है।

चिल्हिया थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि पति, सास, ननद और जेठ फरार है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 11 बकरियां चुराकर फरार हो गए पिकअप सवार

**जासं, कपिलवस्तु:** कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के अलीगढ़वा नरकुल मार्ग पर स्थित सलारगढ़ से रविवार को पिकअप सवार चोर 11 बकरी चुराकर फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। गांव निवासी मोहम्मद शफीक पुत्र रईस अपने घर स्थित झोपड़ी में बकरी व मुर्गी पालन करते हैं। घटना की रात्रि पिकअप पर सवार चोर पहुंचे और बकरी व मुर्गा सुरक्षित रखने के लिए लगे जाली को तोड़ दिया। उसमें मौजूद तीन बकरी व आठ बकरों को लादकर फरार हो गए। गाड़ी की आवाज सुनकर पीड़ित जगे, पर कोहरे का लाभ उठाते हुए चोर मय वाहन मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी जानकारी पुलिस को 112 नंबर पर काल करके दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर ली है।

# कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

जासं, सिद्धार्थनगर: चिल्हिया थाना क्षेत्र में हुए हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार मलिक की कोर्ट ने दो आरोपित रामवृक्ष उर्फ आलू यादव पुत्र सुखदेव व सुखदेव पुत्र मेड़ई निवासी बूढ़ापार को आजीवन कारावास की सजा और 20- 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता अखिलेश नरायण श्रीवास्तव ने की। पुलिस की ओर से थाने के पैरोकार राम दरश गौतम ने अहम भूमिका निभाई।

# एनडीपीएस एक्ट में दो साल की सजा

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय ब्रिजेश कुमार द्वितीय ने एनडीपीएस एक्ट के के आरोपी को दो साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

ढेबरुआ थाना क्षेत्र के घरुआर गांव निवासी विश्वनाथ उर्फ मजनू पुत्र नीबर 2020 में पचपेड़वा तिराहा पर नशीली दवा व चाकू केसाथ गिररफ्तार किया गया था। मामले की सुनवाई व गवाहों के बयान के बाद आरोपप को सही पाए जाने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय ब्रिजेश कुमार द्वितीय ने दो साल की सजा सुनाई।

10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# चरस तस्कर को 10 वर्ष कारावास एक लाख अर्थदंड

**सिद्धार्थनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश ब्रिजेश कुमार एचजेएस द्रुतगामी न्यायालय द्वितीय ने नेपाल निवासी चरस तस्कर को 10 वर्ष कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 13 अक्टूबर 2016 को एसएसबी 43वीं वाहिनी एवं मोहाना थाना पुलिस ने नेपाल के कपिलवस्तु जिले के तौलिहवा थानाक्षेत्र के शिवलवा गांव निवासी साधू कोरी को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया।

उसके पास से 2 किलो 20 ग्राम चरस की बरामदगी हुई। उसे गिरफ्तार कर थाने पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की गई और न्यायालय में आरोप पत्र भेजा गया। न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अर्थदंड की धनराशि अदा न करनी की दशा में तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। संवाद

# अपहरण के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोटन :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित का नाम विश्वदीप है। प्रभारी निरीक्षक लोटन देवनंदन उपाध्याय बताया कि आरोपित को लोटन घोघी नदी के पास वाहन का इंतजार करते हुए पकड़ा गया है। (जासं)

# एनडीपीएस एक्ट के आरोपित को दो वर्ष का कारावास

सिद्धार्थनगर : एनडीपीएस एक्ट के आरोपी विश्वनाथ उर्फ मजनूं पुत्र नीबर निवासी घरुआर थाना ढ़ेबरुआ सिद्धार्थनगर को अपर एवं सत्र न्यायाधीश ब्रिजेश कुमार द्वितीय ने दो वर्ष के सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। थाना ढ़ेबरुआ में एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित आरोपित को प्रभावी पैरवी कर दंडित कराया गया। सजा कराए जाने में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राम सूरत यादव व न्यायालय पैरवीकार नसीम अहमद थाना ढ़ेबरुआ का योगदान रहा। (जासं)

# साइबर सेल ने वापस कराए 14760 रुपये

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: मोबाइल काल व एप के जरिये लोगों को ठगा जा रहा है। ठगी की तत्काल सूचना पर साइबर सेल ने ठग से 14760 रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है। सीओ सदर की उपस्थिति में उक्त राशि पीड़ित के खाते में भेजवायी गई। शहर के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी विकास कुमार ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी मोबाइल में 21 नवंबर को एक एप इंस्ट्राल किया। इसमें मांगी गयी जानकारी को आनलाइन जैसे ही भरा खाते से 14760 रुपये कट गया।

**छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार:**

**जासं, चिल्हिया, शोहरतगढ़,** चिल्हिया पुलिस ने सोमवार को छेड़छाड़ के आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपित का नाम कानुवाडीह निवासी राजन यादव है। एसओ दीपक कुमार ने बताया कि 18 नवंबर को पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि आरोपित मेरे घर में घुस गया और छेड़छाड़ करने लगा। मैंने जब शोर मचाया तो वह भाग गया। इस घटना कीजानकारी मैंने स्वजन को दी। स्वजन जब उसके घर पूछने गए तो आरोपित मारपीट करने लगा।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

# स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले में यातायात माह के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों के लिए सुरक्षित यातायात को सुगम बनाने के लिए जगह जगह यातायात जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में यातायात माह-2022 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश भदौरिया द्वारा राज ग्लोबल एकेडमी में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भदौरिया ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के पालन संबंधी जागरूकता जैसे सीट बेल्ट-हेलमेट पहनना, ओवरस्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन-एयर फोन का प्रयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। उहोंने बताया कि इस तरह के जागरुकता कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखा जाएगा। इस दौरान प्रभारी यातायात बृजेश यादव, प्रधानाचार्य डॉ. डीपी सिंह , हे.कां. अजय राय, कां. संदीप सिंह, कां. अजय पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## वारण्टी गिरफ्तार

शनिचरा । धनघटा पुलिस ने न्यायालय के द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में सोमवार को एक वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के कुसफरा गांव निवासी रामपति पुत्र रामरूप काफी दिनों से न्यायालय में लंबित एक वाद की तारीखों पर पेश नहीं हो रहा था। न्यायालय ने धारा 147,323, 504, 506 और 452 के उक्त आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारण्ट जारी कर पुलिस को रामपति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने का आदेश दिया था। धनघटा पुलिस ने न्यायालय के उक्त आदेश के अनुपालन में सोमवार को वारण्टी को उसके घर कुसफरा से गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय के लिए रवाना कर दिया।

# स्कूल जा रही छात्रा से छेड़खानी

**शनिचरा (एसएनबी)** । धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने धनघटा पुलिस को तहरीर देकर किशुनपुर गांव निवासी कुछ लोगों पर उसकी बहन के साथ छेड़खानी करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। धनघटा पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने धनघटा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बहन करीब 8.30 बजे सुबह घर से स्कूल के लिए जा रही थी। इसी बीच थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी अनुराग यादव पुत्र रविन्द्र यादव उसकी बहन के साथ छेड़खानी करने लगा। इसी बीच वादी भी मौके पर पहुंच गया और बहन के साथ हो रही छेड़खानी का विरोध किया। यह विरोध विपक्षी को नागवार गुजरा उसने अपने साथियों मोहित यादव पुत्र जोखन यादव, अंकुर यादव पुत्र लालचन्द्र व शेषनाथ पुत्र इन्दल को बुला लिया। शेषनाथ ने साथियों को ललकारते हुए मारने के लिए प्रेरित किया और धमकी दिया। ललकार सुनकर उपरोक्त अन्य आरोपियों ने वादी को पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। वादी ने धनघटा पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। धनघटा पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504, 506 व 354 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि घटना में दोनों तरफ से तहरीर मिली हुई है जिसमे से एक तरफ से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है दूसरे तहरीर की जांच की जा रही है शीघ्र ही शेष कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# शातिर चोर व गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय की गठित टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण/चेकिंग के दौरान शातिर चोर व गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गुड्डू उर्फ मैनुद्दीन पुत्र स्व. लाल मोहम्मद निवासी पुराना अस्पताल थाना कोतवाली खलीलाबाद को पुरानी तहसील परिसर से कर न्यायालय रवाना किया गया। प्रभारी चौकी गोला बाजार के उ.नि. आशुतोष मणि त्रिपाठी ने बताया कि उक्त अभियुक्त का एक सुसंगठित गिरोह है जो अपने आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ हेतु गैंग बनाकर चोरी/छिनैती जैसे जघन्य अपराध कारित करते हैं जो जनपद स्तर पर सक्रिय हैं। चोरी के अभियोग दर्ज होने व समाज में काफी भय, आतंक व साम्प्रदायिक सौहार्द खराब होने के खतरे तथा उक्त अभियुक्त के भय व आतंक से किसी व्यक्ति द्वारा इनके विरुद्ध इनके द्वारा किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से डरने के दृष्टिगत गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत किए जाने के उपरांत अविलंब कार्रवाई करते हुए कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत प्रभारी चौकी गोला बाजार के उ.नि. आशुतोष मणि त्रिपाठी, हे.कां. कोमल प्रसाद, कां. रंगप्रिय गौतम, कां. छोटेलाल ने उक्त गैंगेस्टर अभियुक्त पुरानी तहसील परिसर से गिरफ्तार किया गया।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। यातायात जागरूकता माह के क्रम में सीओ यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया ने राज ग्लोबल एकेडमी में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। स्कूली बच्चों को सीट बेल्ट, हेलमेट पहनना, ओवरस्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना आदि के संबंध में जागरूक किया।

# गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय की गठित टीम ने चेकिंग के दौरान गैंगेस्टर एक्ट में वांछित को गिरफ्तार किया। गुड्डू उर्फ मैनुद्दीन पुत्र स्व. लाल मोहम्मद निवासी पुराना अस्पताल कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर कोर्टमें प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# शांति भंग में सात हुए गिरफ्तार

संतकबीनगर। जिले की पुलिस ने जनपद में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की। इसमें धनघटा पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया। महुली पुलिस ने चार, धर्मसिंहवा पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। धनघटा पुलिस ने रामपति पुत्र रामरूप निवासी कुशखरा थाना धनघटा को गिरफ्तार किया। वहीं मेंहदावल पुलिस ने संगीता पत्नी जोखन निवासी जोरवा थाना मेंहदावल को गिरफ्तार किया गया।

# 137 वाहनों का किया गया चालान

**संतकबीरनगर।** पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। अभियान में 137 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की। 1 लाख 40 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया। इसके साथ ही लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

# हादसे में घायल तीन को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। बेलहरकला थाना क्षेत्र के मंझरिया पठान से मार्ग दुर्घटना में तीन व्यक्तियों के घायल होने की सूचना मिली। आसपास के लोगों की सूचना पर दो मिनट के भीतर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। घायल उसमान, इमरान पुत्रगण अलाउद्दीन निवासी बेलवा मिश्र; थाना बखिरा एवं धर्मराज पुत्र नन्दलाल निवासी भैंसहिया पठान थाना बेलहरकला को तत्काल एंबुलेस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल पहुंचाया गया।

पुलिस कर्मियों ने इसके साथ ही दुर्घटना की सूचना बेलहर कला पुलिस को भी दिया।

# 1.40 लाख शमन शुल्क वसूला

संतकबीर नगर : मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 137 वाहनों से एक लाख 40 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया।

# दो लोगों पर मारपीट का मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज के रहने वाले अमित शर्मा ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके गांव के रहने वाले राहुल चौधरी व उमेश चौधरी भुवरियां चौराहे पर शराब के नशे में गाली दे रहे थे। इसका जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडे से पीटने लगे। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिगिना ताल में मिली लावारिस बाइक

धनघटा : सोमवार की सुबह क्षेत्र के जिगिना ताल के पास लावारिस हाल में एक बाइक गांव के लोगों ने देखा। सूचना पर पुलिस बाइक लेकर पुलिस चौकी जगदीशपुर चली गई।

# शातिर चोर व गैंगस्टर मैनुद्दीन को दबोचा

जासं, संतकबीर नगर : समाज में भय फैलाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर चोर और गैंगस्टर को कोतवाली खलीलाबाद की पुलिस ने जेल भेज दिया। उसके ऊपर कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं। चौकी प्रभारी आशुतोष मणि त्रिपाठी अपने हमराही सिपाही कोमल, रंगप्रिय गौतम व छोटेलाल के साथ गश्त पर थे। पुरानी तहसील के पास आरोपित गुड्डू उर्फ मैनुद्दीन पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# गैंगस्टर एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गैंगस्टर एक्ट के फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए गैंगस्टर को जेल भेज दिया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि गुड्डू उर्फ मैनुद्दीन निवासी पुराना अस्पताल का संगठित गिरोह है। गिरोह अपने आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए गैंग बनाकर चोरी/छिनैती जैसे जघन्य अपराध कारित करता हैं। यह गैंग जनपद स्तर पर सक्रिय है। चोरी के अभियोग दर्ज होने व समाज में काफी भय, आतंक व माहौल खराब होने का खतरा बना रहता है। इस गैंग के खिलाफ भय व आतंक से किसी व्यक्ति के जरिए इनके विरुद्ध इनके द्वारा किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से कतरा जाता है।

उसी के दृष्टिगत गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर गैंगस्टर गुड्डू उर्फ मैनुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली में पूर्व में चोरी, चोरी के सामान के साथ पकड़े जाने के तीन मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए गैंगस्टर को जेल भेज दिया गया। संवाद

# पुलिस को लावारिस बाइक मिली, जांच शुरू

धनघटा। सोमवार सुबह क्षेत्र के जिगिना ताल में लावारिस हाल में खड़ी बाइक गांव के लोगों ने देखा। जिसकी सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस बाइक को लेकर पुलिस चौकी जगदीशपुर चली गई। उसके बाद जांच पड़ताल कर रही है।

जिगिना गांव के पास ताल में खड़ी बाइक को गांव के लोगों ने देखा। उसके बाद दोपहर तक बाइक खड़ी रही तो संदेह होने पर इसकी सूचना गांव वालों ने पुलिस चौकी जगदीशपुर पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस लोगों से पूछताछ करने के बाद बाइक को लेकर चौकी पर चली गई। चौकी इंचार्ज रामकरन निषाद ने बताया कि बाइक पर बस्ती जिले का नंबर है। उसका पता करके कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

# त्रिनेत्र रखेगा अपराधियों पर नजर

## शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में कड़ी निगरानी का खाका तैयार

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश व अपराधियों की निगरानी के लिए अब पंचायतीराज विभाग के सहयोग से ऑपरेशन त्रिनेत्र चलेगा। इसके तहत प्रमुख कस्बों, छोटे-छोटे चौराहों, सड़कों के मोड़, हाइवे व मुख्य मार्ग से जुड़े प्रमुख स्थानों पर ग्राम पंचायतें सीसीटीवी कैमरे लगवाएंगी। पुलिस भी अपने-अपने थाना क्षेत्र के लोगों को प्रेरित कर उनके प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएगी, ताकि अधिक से अधिक निगरानी हो सके।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिले के 311 प्रमुख स्थानों पर ग्राम पंचायतें सीसीटीवी कैमरे लगवाएंगी। इससे पूरा जिला सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। कोई भी अपराधी अब सीसीटीवी से बचकर नहीं जा पाएगा। 54 कैमरे पुलिस ने पहले से ही लगा रखे हैं।

गोंडा शहर सहित जिले के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर में

### प्रमुख स्थानों पर पुलिस के समन्वय से ग्राम पंचायतें लगवाएंगी सीसीटीवी कैमरे

आंबेडकर चौराहा, गुरुनानक चौराहा, बड़गांव चौराहा, मुन्नन खां चौराहा समेत मनकापुर बस स्टॉप, मसकनवा चौराहा, कर्नलगंज मोड़, तरबगंज चौराहा, बेलसर चौराहा व रगड़गंज चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। शहर में सीसीटीवी की निगरानी के लिए नगर कोतवाली में नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है।

**शहर में 54 जगह लगे सीसीटीवी कैमरे..** एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर जिले में ऑपरेशन त्रिनेत्र शुरू हुआ है। शहर में 54 कैमरे पुलिस ने पहले से लगवाए थे, जिन्हें सक्रिय किया जा रहा है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सीसीटीवी लगवाने का काम शुरू किया गया है। इसके तहत करनैलगंज के कटराघाट, बाबागंज, छितौनी में भी सीसीटीवी लगाने की तैयारी है। इसी तरह हर थाना क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की प्रक्रिया चल रही है।

जिला पंचायतीराज अधिकारी लालजी दुबे ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि पुलिस से परामर्श कर ग्राम पंचायतों के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

> “ अपराधियों की निगरानी के साथ ही हर इलाके में नजर रखने के लिए ऑपरेशन त्रिनेत्र शुरू किया गया है। थानों के माध्यम से सूची तैयार की गई है। जहां सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए विकास विभाग का भी सहयोग लिया जाना है। इसके लिए विभाग को पत्र भेजा गया है। – **शिवराज प्रजापति,** अपर पुलिस अधीक्षक

> “ ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए ग्राम पंचायतों को निर्देश दिया गया है। पुलिस से परामर्श करके सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा गया है। – **लालजी दुबे,** जिला पंचायतीराज अधिकारी

# भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट, दो लोग गिरफ्तार

मेहनौन, संवाददाता। जमीनी विवाद को लेकर कोतवाली इटियाथोक पुलिस ने दो लोगो को जेल भेजा। मामला कोतवाली इटियाथोक के हरदैया भटपुरवा का है। गांव के दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर कहासुनी होने के बाद मामला बढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया मामले में पुलिस ने रंजीत गोस्वामी और शिवनाथ को कोतवाली ले आई।

थानाक्षेत्र के हरदैया भटपुरवागांव निवासी राधा देवी पत्नी ननके, इंद्रावती पत्नी राम भवन, पद्मावती पत्नी राम चन्द्र, गेंदा लाल पुत्र गोमती प्रसाद को मार-पीटकर घायल कर दिया गया। गेंदा लाल ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर उसने खूंटा गाड़ रखा है। गांव के कुछ लोगों ने इस पर कब्जा करने के लिए खूंटा को उखाड़ दिया। विरोध करने पर मारा-पीटा की। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय ने बताया जमीनी विवाद में रंजीत गोस्वामी और शिवनाथ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## अधेड़ महिला को पीटा

गोण्डा । इटियाथोक थाना क्षेत्र के भानपुर गांव निवासी माला देवी पत्नी राम नरेश यादव को कुछ लोगों ने घर पर अकेला पाकर मारपीट दिया। महिला ने बताया उसे पति नौकरी करने गोण्डा आए थे। विवाद को लेकर मार-पीटकर घायल कर दिया गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शराब के साथ 11 दबोचे

गोण्डा, संवाददाता। जिले में सोमवार को पुलिस ने अभियान चलाकर 11 आरोपियों को अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। थाना खरगूपुर क्षेत्र के अनिल कुमार पासवान निवासी ग्राम सुलतानपुर थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच, राम वशिष्ठ निवासी ग्राम पिपरा चौबे लोनियन पुरवा, पवन कुमार निवासी ग्राम सादिकपुरवा मौजा झूरी कुईया, गोकरन वर्मा निवासी रामनगर झिन्ना (महतोपुरवा)को पकड़ा गया है। वहीं थाना वजीरगंज में दुर्गा प्रसाद निवासी भुजवनपुरवा बेईलिया, मुंजड़ उर्फ राममंजुर निवासी ग्राम नीदूरा डुमरियाडीह, शिव सहाय निवासी ग्राम नीदूरा डुमरियाडीह, राम अचल निवासी सोहना, जगतराम देवीनगर घोबियापुरवा के कब्जे से 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी है। मनकापुर थाना क्षेत्र में गुरुदेव सोनकर निवासी ग्राम कटहर बुटहनी, उमरीबेगमगंज क्षेत्र के संजय सिंह ग्राम शिवागंज बाजार को गिरफ्तार किया गया है।

### बीते दिनों आईटीआई के छात्र को पीटने व सिर पर पेशाब करने का वायरल हुआ था वीडियो

# छात्र को पीटने के दो और आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। आईटीआई के छात्र को पीटने व सिर पर पेशाब करने की घटना के दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दो गिरफ्तारियों के बाद भी करीब आधा दर्जन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। हालांकि, पुलिस जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। मुख्य आरोपी कप्तान उर्फ भूपेंद्र सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर दर्ज किया गया था मुकदमा
- मुख्य आरोपी कप्तान सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एक छात्र को पीटने और उसके सिर पर पेशाब करने की घटना का तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद चौकी इंचार्ज राम आशीष की तहरीर पर नौ दबंगों के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी आकाश तोमर ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। यहीं नहीं एएसपी शिवराज को टीमों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी थी। गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह निवासी सेहरिया वजीरगंज को गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी पुलिस की कई टीमें अन्य आरोपियों की सुरागरसी-पतारसी में जुटी हुई थीं। सोमवार को इस मामले के दो और आरोपियों विवेक तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी निवासी चडौवा तिवारी पुरवा वजीरगंज व सुधाकर सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह निवासी चडौवा वजीरगंज को गिरफ्तार कर लिया गया। नगर कोतवाली पुलिस ने बताया कि सुधाकर सिंह के विरूद्ध एक और मुकदमा वजीरगंज थाने मे पहले से ही दर्ज कराया गया था।



गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी।

## महाकाल गैंग से संबंध रखते हैं दोनों आरोपी

पुलिस के अनुसार इस घटना में गिरफ्तार दोनो आरोपियों सुधाकर सिंह व विवेक तिवारी के संबंध महाकाल गैंग से है। बताया जाता है कि यह गैंग कुछ शरारती युवको ने बना रखा है। इस गैंग के युवक इससे पहले भी कई मारपीट में शामिल बताए जा रहे है। हालांकि एक बार पुलिस ने इस गैंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की थी। कुछ नव युवको को चिन्हित भी किया गया था। गाडियों पर लिखे गैंग के नाम भी पुतवाए गए थे। काफी समय बाद इस घटना में इस गैंग के सदस्यों के नाम सामने आए है। एसपी आकाश तोमर ने बताया कि जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## विवेक के विरुद्ध दर्ज हैं चार मामले

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विवेक तिवारी के विरुद्ध भी चार मामले दर्ज हैं। यह सभी एफआईआर वजीरगंज थाने में ही दर्ज है। जिसमें आर्म्स एक्ट से लेकर कई गंभीर धाराओं के मुकदमें शामिल हैं।

# बारह वारंटी और ग्यारह शांति भंग में गिरफ्तार

गोण्डा। एसपी आकाश तोमर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में सोमवार को जिले में पुलिस ने मनकापुर से तीन, कटराबाजार से तीन, परसपुर से दो, नगर कोतवाली, वजीरगंज, धानेपुर और छपिया से एक-एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। वही शांति भंग में 11 लोगों का चालान किया गया है।

# मादक पदार्थ के साथ दो युवक गिरफ्तार

गोण्डा। कोतवाली नगर पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार उर्फ पप्पू चौबे पुत्र केदारनाथ चौबे निवासी कलन्दरपुर चौबे और ताने उर्फ सुल्तान पुत्र मोहम्मद ईसराईन निवासी पोर्टरगंज पथवलिया को पकड़ा गया है। दोनों के कब्जे से नशीली दवा की 60 -60 गोलियां बरामद की गई हैं।

# एसपी ने मनकापुर समेत तीन थानों का निरीक्षण किया

छपिया/मनकापुर/खोड़ारे। एसपी आकाश तोमर ने सोमवार मनकापुर, छपिया और खोड़ारे थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानों में साफ-सफाई के साथ सर्किल में हो रही घटनाओं पर नाराजगी जाहिर की। एसपी रात गश्त और जिले से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों पर सख्त निगरानी का निर्देश दिया। एसपी ने तीनों थानों का बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने छपिया के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं, मनकापुर में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय से जानकारी ली। इस दौरान सीओ संजय तलवार भी रहे। एसपी ने खोड़ारे में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा को पिकेट ड्यूटी को और सक्रिय करने को कहा।

# मुख्य आरोपित गिरफ्तार


गोंडा : छात्र के साथ मारपीट व अमानवीय कृत्य करने के मुख्य आरोपित वजीरगंज के सेहरिया निवासी कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जय महाकाल ग्रुप के दो सदस्य विवेक तिवारी व सुधाकर सिंह की भी गिरफ्तारी की गई है। एएसपी शिवराज ने कहा कि दूसरे आरोपितों की तलाश की जा रही है। (संसू)

# कमियां देख एसपी का चढ़ा पारा

## मनकापुर कोतवाली में रसोई घर के पीछे जलभराव देख बिफरे

**जागरण टीम, (गोंडा) :** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने सोमवार को मनकापुर, खोंडारे व छपिया थानों का निरीक्षण किया। खोंडारे में चहारदीवारी न होने पर एसपी ने नाराजगी जताते हुए अतिशीघ्र निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया। साथ ही मनकापुर में रसोई घर के पीछे जलजमाव मिलने पर फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्था ठीक करने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिया।

बभनजोत संवादसूत्र के अनुसार एसपी ने खोंडारे थाने का कार्यालय, विवेचना कक्ष,सीसीटीएनएस कक्ष,महिला हेल्प डेस्क,साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह, निर्माणाधीन आरक्षी बैरक, विवेचना कक्ष, रसोई घर व थाना परिसर का निरीक्षण किया। महिला आरक्षियों को बीटवार क्षेत्रों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181,112,1076,1098,108,102 व यातायात नियमों, साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने का निर्देश दिया। वाहनों की नीलामी व चहारदीवारी का निर्माण कराने का प्रभारी निरीक्षक सुरेश वर्मा को निर्देश दिया। इस दौरान सीओ मनकापुर संजय तलवार साथ रहे।



खोंडारे थाना का निरीक्षण करते एसपी आकाश तोमर • जागरण

मनकापुर संवादसूत्र के अनुसार मनकापुर कोतवाली के निरीक्षण में रसोई घर के पीछे जलजमाव होने पर नाराजगी जताते हुए समस्या का निदान करने का निर्देश दिया। कोतवाली परिसर के पीछे बने तीन विवेचना कक्ष का निरीक्षण किया। जो मानक विहीन मिला। एसपी ने थाने के मालखाना, हवालात व थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। एसपी ने पुलिस प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। पंचायत चुनाव के मद्देनजर वाहन चेंकिग करने, शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपित के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया।

मसकनवां संवादसूत्र के अनुसार छपिया थाने के निरीक्षण में एसपी ने बीट प्रभारियों को घटनाओं का तत्परता व सतर्कता से संज्ञान लेने की हिदायत दी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह को गश्त बढ़ाने व जनपदीय सीमा पर खास निगरानी रखने का निर्देश दिया। थाना परिसर की सफाई व रंगाई पुताई के निर्देश दिए।

# विदेश भेजने के नाम पर ऐंठ लिए 1.72 लाख

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा) :** ग्राम बुढ़वलिया के रहने वाले अब्दुल समद ने एसपी से की गई शिकायत में कहा कि उसका बेटा सिरताज हुसैन घर पर रहकर रोजगार की तलाश कर रहा था। गांव के ही दो युवक उसके घर पहुंचे। विदेश भेजने के नाम पर एक लाख 72 हजार रुपये ले लिए। दो माह बीतने के बाद भी वीजा नहीं आया तो जालसाज से मिलकर शिकायत की। बीते आठ अक्टूबर की सुबह वह जालसाज के घर पहुंचकर रुपये मांगने लगा तो जालसाजों ने उसे दौड़ा लिया। उसने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्ष को बुलाया। जहां आरोपितों का शांतिभंग में चालान कर दिया। भंभुआ चौकी प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। एसपी आकाश तोमर ने बताया कि मामले की रिपोर्ट मांगी गई है।

# शव बरामद

**आर्यनगर :** रविवार को खरगूपुर के बराहेमा दर्जीपुरवा के मनीराम यादव भैंस चराने गए थे। जलाशय में भैंस सहित गिर गए। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि सुबह जाल डालकर शव को बरामद किया है। (संसू)

# अपराधियों की हो गिरफ्तारी कराएं सघन चेकिंग : एसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

## सीओ कार्यालय व कोतवाली का निरीक्षण कर कप्तान बोले- विवेचनाओं में लाएं तेजी

## निकाय चुनाव की तैयारियों की ली जानकारी

मनकापुर (गोंडा)। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने सीओ कार्यालय व कोतवाली का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। एसपी ने आने वाले निकाय चुनाव को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी ली। चेकिंग बढ़ाने समेत अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर सोमवार को सीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली। उसका जल्द से जल्द निस्तारण करने के सीओ को निर्देश दिए। इसके बाद एसपी कोतवाली मनकापुर पहुंचे। यहां अपराध शाखा और मेस में जलभराव देखकर कोतवाल को साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली जन शिकायतों की जानकारी ली और शिकायतों का निस्तारण ऑनलाइन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कोतवाल से सवाल किया कि नवनिर्मित तीन विवेचना कक्ष अभी तक हैंडओवर क्यों नहीं किए गए तो कोतवाल ने बताया कि कार्यदायी संस्था ने अभी हैंडओवर नहीं किया है। इसके बाद मालखाना, हवालात व थाना परिसर में साफ-सफाई देखी। उन्होंने आने वाले निकाय चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग करने, शराब माफिया पर नकेल कसने व फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।



मनकापुर कोतवाली में अभिलेख की जांच करते एसपी। -संवाद

एसपी ने सीसीटीएनएस प्रभारी अनुज कुमार यादव से किराएदारों के सत्यापन, साइबर सेल व चरित्र सत्यापन के बारे में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। मौके पर सीओ संजय तलवार, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, एसआई एसके यादव, बीरबल, शशांक, बलिराम, रूपेश पटेल, गिरिजेश गिरि, अवधेश मौजूद रहे।

# नियमों का पालन करने से सुरक्षित होगा जीवन

**उमरी बेगमगंज (गोंडा)।** सुभाष इंटर कॉलेज में थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने यातायात जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को सुरक्षा के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ और गुणवत्तापरक शिक्षा ही हमें जीवन जीने की शैली सिखाती है। श्रेष्ठ व्यक्ति का सभी लोग आदर करते हैं। इसलिए भविष्य में मेहनत करके पढ़ाई करें। संवाद

# तालाब में डूबे बुजुर्ग का शव मिला

**खरगूपुर (गोंडा)।** बराहेमा गांव के पास रविवार को तालाब में डूबे बुजुर्ग का शव सोमवार को गोताखोरों तलाश कर निकाल लिया।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत बराहेमा के मजरा दर्जी पुरवा निवासी मनीराम यादव (65) रविवार दोपहर भैंस चराने गांव के बाहर तालाब के पास गए थे। कुछ देर बाद एक ही रस्सी में बंधी दोनों भैंस में से एक पानी पीने के लिए तालाब की तरफ चली गई। रस्सी में बंधी होने के चलते दूसरी भैंस भी उसी के साथ तालाब में पहुंच गई। एक भैंस गहरे पानी में डूबती देख मनीराम रस्सी खोलने के लिए तालाब में कूद गए। जहां एक भैंस की डूबने से मौत हो गई, वहीं मनीराम भी तालाब में अधिक पानी होने के चलते डूब गए।

भैंस को रविवार को ही निकाल लिया गया था, लेकिन देर शाम तक मनीराम पता नहीं चल सका था। सोमवार को बभनी सराय गांव के गोताखोर मनी सिंह आदि ने तालाब में जाल डालकर मनीराम का शव 19 घंटे बाद तलाश निकाला।

प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-11-2022

# वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

बलरामपुर। थाना सादुल्लाहनगर पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि गुमा फातमा जोत निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र अब्दुल गफूर न्यायालय से वांछित चल रहे थे जिसे गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# 12 वाहनों का चालान

**बलरामपुर :** नगर क्षेत्र में यातायात माह जागरूकता अभियान के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी वीरेंद्र यादव ने विभिन्न स्थानों पर 12 वाहनों का चालान किया। साथ ही बाइक सवारों को हमेशा हेलमेट लगाने की हिदायत दी। (संसू)

# बांटी राहत सामग्री

**बलरामपुर :** इंडियन रेड क्रास सोसाइटी की ओर से विकास भवन सभागार में बाढ़ प्रभावित गांवों में 46 लोगों को राहत सामग्री वितरित किया गया। सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत किट बांटा। सीडीओ ने कहा कि इंडियन रेड क्रास सोसाइटी आपदा पीड़ितों की मदद के लिए हमेशा आगे रहती है। (संसू)

# छेड़खानी के अभियुक्त को तीन साल कैद और पांच हजार जुर्माना

**संवाद सूत्र, बलरामपुर :** विशेष सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार ने जातिसूचक अपशब्द कहकर छेड़खानी करने के मामले में अभियुक्त को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड लगाया है। अपर शासकीय अधिवक्ता रणधीर सिंह ने बताया कि थाना रेहराबाजार में 2010 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि रामधीरज राजभर निवासी ग्राम मंगुरहवा ने युवती के साथ जातिसूचक अपशब्द कहकर छेड़खानी की। अभियोजन की ओर से कई गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना झूठी है। सरकारी लाभ लेने के लिए गलत मुकदमा दर्ज कराया गया है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को दोषसिद्ध ठहराते हुए तीन साल कैद के साथ साढ़े पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाते हुए निर्देश दिया कि अपराधी द्वारा जेल में बिताई गई अवधि दंड की मात्रा में समायोजित की जाए। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार

**बलरामपुर** : तुलसीपुर थाने की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि ओरी सिंहडीह निवासी राम कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# अनिल कुमार ने जीता स्वर्ण

**बलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि 11वीं वाहिनी सीतापुर में फायरिंग रेंज में बलरामपुर के उप निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित ने 50 मीटर स्नैप शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। (संसू)

# सड़कें खोदकर छोड़ने पर जल निगम पर मुकदमा

**संसू, बलरामपुर** : नगर में सीवर लाइन बिछाने की सौगात पर जल निगम की मनमानी भारी पड़ रही है। पाइपलाइन बिछाने के लिए मुहल्ले की सड़कें खोदकर छोड़ दी गईं हैं। इनके दुरुस्त न होने पर आवागमन दुश्वार हो चुका है। दिनोंदिन बढ़ती शिकायतों पर जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। अधिशासी अधिकारी डा. देवेंद्र श्रीवास्तव की तहरीर पर जल निगम के विरुद्ध नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

नगर के 25 वार्डों में सवा लाख लोग आबाद हैं। जलनिकासी के लिए शहर में 33 नाले हैं। बारिश में नालों के उफनाने पर शहर की गलियों व घरों में पानी भर जाता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सीवर लाइन बिछाई जा रही है। सभी वार्डों में सीवर लाइन बिछाने के लिए 123.76 करोड़ रुपये स्वीकृति हुए हैं। पहली किस्त के रूप में जल निगम को 61 करोड़ 88 लाख रुपये मिल चुके हैं। मुहल्लों में पक्की सड़कों की खोदाई कर पाइप तो डाल दी गई, लेकिन सड़कों को दुरुस्त नहीं कराया गया। लापरवाही का आलम यह है कि अब तक मेन लाइन नहीं बनाई जा सकी है। ईओ ने बताया कि वर्तमान में छह मुहल्लों की सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। जल निगम की मनमानी व लापरवाही से सीवर लाइन के कार्य में तेजी नहीं आ पा रही है। साथ ही नागरिकों का आवागमन दूभर है। जल निगम की मनमानी से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। जिलाधिकारी ने जल निगम के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की थी। इस पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. ज्योति गौतम के निर्देश पर नगर कोतवाली में तहरीर दी गई थी।

जल निगम पर मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही संबंधित कार्यदायी संस्था को भी ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# खेत से दबंग काट ले गए पेड़

**संसू, बलरामपुर** : नगर कोतवाली के पूरबटोला मुहल्ला निवासी अखिलेश शर्मा के खेत में लगे पांच यूकेलिप्टस के पेड़ दबंग काट ले गए। विरोध करने पर दबंगों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने नगर कोतवाली में नामजद तहरीर कर दी है।

पीड़ित का आरोप है कि रविवार को तीन लोग उसके खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटकर दो ट्रैक्टर-ट्रालियों पर लाद रहे थे। खेत में जाकर उसने दबंगों को रोकने का प्रयास किया। दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग जाने को कहा। पीड़ित बेबस देखता रहा दबंग ट्रैक्टर-ट्राली पर पेड़ों के बोटे लादकर निकल गए। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

लोक

# लापरवाही में जल निगम पर एफआईआर

## सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क दुरुस्त न कराने पर डीएम की सख्ती के बाद कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी



बलरामपुर के गोविंद बाग मोहल्ले में सीवर लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़क। संवाद

**बलरामपुर।** नगर में सीवर लाइन डालने के लिए 2795 मीटर सड़क की खोदाई करने के मामले में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली नगर में कार्यदायी संस्था उप्र जल निगम के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमर उजाला ने 17 नवंबर के अंक में नगर में सीवर लाइन डालने के लिए 2795 मीटर सड़क की खोदाई करने का मामला प्रमुखता से उठाया था। इसका संज्ञान लेते हुए डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी।

इसमें पाया गया कि शहर में सीवर लाइन डालने के लिए जल निगम ने नगर पालिका परिषद की एक करोड़ 13 लाख रुपये की सड़क क्षतिग्रस्त कर दी। इस पर डीएम ने कार्रवाई के आदेश दिए थे।

एडीएम ज्योति गौतम ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया था। ईओ नगर पालिका डॉ. देवेंद्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। इसमें कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र में सीवर लाइन डालने का काम उप्र जल निगम निर्माण खंड बलरामपुर करा रही है। नगर पालिका ने जल निगम को इस शर्त पर अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया था कि सीवर लाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त मार्गों की पुर्नस्थापना जल निगम ही कराएगा।

ईओ ने आरोप लगाया कि इसके बाद भी कई वार्डों में सड़कों को डैमेज करने के बाद उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इसके लिए उन्होंने कार्यदायी संस्था उप्र जल निगम के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की तहरीर दी।

नगर कोतवाल संजय दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक अभिलेख जुटाए जा रहे हैं।

### 25 वार्डों में डाले जा रहे हैं पाइप

बलरामपुर नगर पालिका क्षेत्र में कुल 25 वार्ड हैं। यहां के लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए वर्ष 2021 से सीवर लाइन डालने की योजना चल रही है। 124 करोड़ रुपये की इस योजना से अभी वार्डों में ही पाइप लाइन डाली जा रही है। मुख्य मार्ग का काम अधूरा पड़ा है। मोहल्लों में पाइप लाइन के लिए की गई सड़क की खोदाई लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

### ब्लैक लिस्ट होंगे ठेकेदार

सीवर लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत न कराने का मामला प्रकाश में आया है। ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। – **जियाउल हक,** अधिशासी अभियंता जल निगम

# दलित उत्पीड़न व छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। दलित उत्पीड़न व छेड़खानी करने के दोषी व्यक्ति को न्यायालय ने तीन वर्ष के कठोर कारावास व 5500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) रणधीर सिंह ने बताया कि थाना रेहरा बाजार में दलित महिला ने तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर रामधीरज व लाला के खिलाफ रेहरा थाने में दलित उत्पीड़न व दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सरकारी अधिवक्ता ने सात गवाहों को न्यायालय में पेश किया।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विनोद कुमार ने रामधीरज को दलित उत्पीड़न व छेड़खानी का दोषी मानते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास व 5500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

इसी मामले में दूसरे अभियुक्त लाला को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी

करनैलगंज (गोंडा)। क्षेत्र के बुढ़वलिया गांव निवासी अब्दुल समद ने एसपी को पत्र दिया है। कहा कि उसके छोटा पुत्र सिरताज हुसैन के पास गांव के ही दो युवक पहुंचे। दो माह में विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पासपोर्ट के साथ तीन बार में 1 लाख 72 हजार रुपये ले लिया, लेकिन वीजा नहीं आया। उसने रुपये मांगे तो धमकी दी गई। उसने मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। भंभुआ चौकी प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। संवाद

# रोडवेज बस के परिचालक से हुई पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** सादुल्लाह नगर क्षेत्र के पेहर बाजार में कई वाहनों को ठोकर मारने वाली रोडवेज बस के कर्मियों से पूछताछ शुरू हो गई है।

सोमवार को एआरएम बीके वर्मा डिपो पहुंचे और गाड़ी (यूपी 47 टी 0710) के परिचालक रविभूषण यादव से घटना की जानकारी ली। एआरएम ने बताया कि पूछताछ में परिचालक ने पेहर बाजार के निकट चालक की तबियत खराब होने की पुष्टि की है। इस पर परिचालक ने चालक को अस्पताल भेजने के लिए एबुलेंस को फोन मिलाया और वह कुछ दूरी पर स्थित मेडिकल स्टोर से दवा लेने चला गया।

जब वह लौटा तब तक चालक अकेले ही रोडवेज बस लेकर वहां से निकल चुका था। एआरएम ने बताया कि मामले की जांच अभी चल रही है। संवाद

# पुराने चुनावी विवादों की फाइल खंगाल रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** निकाय चुनावों को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। बीते पांच सालों के भीतर हुए चुनावी विवादों की फाइल खंगाली जा रही है।

नगर पालिका परिषद बलरामपुर व उतरौला तथा नगर पंचायत तुलसीपुर, पचपेड़वा व गैसड़ी के कुल 96 वार्डों में चुनाव होने हैं। मतदाता सूची जारी होने के साथ ही पुलिस ने हर बूथ की योजना बनाने का काम तेज कर दिया है।

एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस संभ्रांत जनों से संपर्क करने के साथ ही अन्य प्रयास कर रही है।

एडीएम ज्योति गौतम ने बताया कि निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी चल रही है। कर्मचारियों की फीडिंग हो रही है, आयोग के निर्देश के क्रम में कार्रवाई की जा रही है।

## घर-घर पहुंच रहे दावेदार

**उतरौला।** अभी तक निकाय चुनाव को लेकर आरक्षण तय नहीं हुआ है लेकिन, दावेदार घर-घर पहुंचने लगे हैं। सबसे ज्यादा भीड़ सभासद पद के दावेदारों को लेकर है। अध्यक्ष पद को लेकर चौराहों पर चर्चा का बाजार गर्म है। आरक्षण के साथ ही संभावित दावेदारों के नामों को लेकर लोग मंथन में लगे हुए हैं। संवाद

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

# उड़ाई गई धनराशि खाते में वापस

- त्वरित शिकायत पर पुलिस की साइबर सेल ने तेजी से की कार्रवाई
- पीड़ित साइबर मामलों में है एक्सपर्ट, फिर भी खा गया गच्चा

बहराइच, संवाददाता। साइबर ठगों ने एक युवक के क्रेडिट कार्ड से धन गायब कर दिया था। पीड़ित ने तत्काल इसकी शिकायत साइबर सेल से की। साइबर सेल ने कड़ी मेहनत कर धनराशि खाते में वापस कराई है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि रामगांव थाने के मिर्जापुर मोहम्मद नगर निवासी विनोद कुमार के बैंक क्रेडिट कार्ड से साइबर ठग ने बंद पड़े क्रेडिट कार्ड को मेनटेन करने के बहाने एक एप डाउनलोड कराया। इसी दौरान चार किश्तों में 58 हजार की रकम गायब कर दी गई। जिसका मैसेज मोबाइल पर आते ही पीड़ित की आंखों से आंसू निकल पड़े। उसने तत्काल साइबर सेल प्रभारी पंकज कुमार सिंह से मोबाइल पर सम्पर्क साधा। साइबर ठगी के मामले से अवगत कराया। अगले दिन एसएसपी कार्यालय में इस सम्बन्ध में तहरीर दी गई।

एसएसपी के निर्देश पर साइबर सेल प्रभारी पंकज कुमार सिंह, मुख्य सिपाही राजेश यादव, प्रदीप गंगवार, रचित यादवेन्द्र, प्रदीप चौधरी ने इस टास्क पर कड़ी मेहनत की। पीड़ित विनोद कुमार के खाते में 44,196 रुपये वापस कराए गए हैं। अवशेष धनराशि की वापसी को प्रक्रिया चल रही है।

# भू माफिया गब्बर के साथी की एक बाइक ही जब्त हो सकी

बहराइच, संवाददाता। देवीपाटन मंडल डीआईजी उपेन्द्र अग्रवाल की सख्ती पर रविवार देर रात तक चली कार्यवाई में भारी भरकम पुलिस टीम गैंगस्टर की महज एक बाइक ही जब्त कर सकी है। गैंगस्टर मामले में आपराधिक आय से अर्जित सम्पत्ति के जब्तीकरण प्रक्रिया में पुलिस ने अन्य वाहनों की तलाश में दबिश दी थी।

रविवार रात एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह के नेतृत्व में नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह, देहात कोतवाल सत्येन्द्र बहादुर सिंह व दरगाह एसएचओ मनोज कुमार यादव, कानूनगोपुरा पुलिस चौकी प्रभारी वीर पाल सिंह ने पुलिस ने यूपी टाप 50 में चिन्हित भू माफिया देवेन्द्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह के साथी मनीष जायसवाल के देहात कोतवाली के जगतापुर व नगर कोतवाली के कानूनगोपुरा स्थित आवास पर दस्तक दी थी। पुलिस ने जब्तीकरण की कार्रवाई शुरू की थी। देर रात तक चली पुलिस कार्रवाई में पुलिस मनीष जायसवाल की एक बाइक ही पा सकी है। जिसकी जब्तीकरण की गई।

# अपहृत नवजात चिलवरिया में बरामद

**सफलता**

बहराइच, संवाददाता। शहर के मेडिकल कालेज रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ससुर के साथ आई युवती के नवजात का अपहरण हो गया था। देहात कोतवाली पुलिस ने कई स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश देकर नवजात बालक को सुरक्षित बरामद कर लिया है।

अपहरणकर्ता को भी पुलिस ने दबोच लिया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। नानपारा कोतवाली के इटहा गांव निवासिनी कामनी पत्नी नंद लाल चौहान अपने दो माह के बालक की तबीयत खराब होने पर रविवार को ससुर के साथ शहर आई थी।

गुरुनानक चौराहे पर रोड स्थित एक निजी अस्पताल पर पुत्र वधु को



अपहरण का आरोपी।

बैठाकर ससुर बाइक में पेट्रोल भरवाने चला गया।

इसी दौरान निजी अस्पताल में मरीजों को लाने वाले एक दलाल ने उसे समझा बुझाकर बालक सहित दूसरे निजी अस्पताल लाकर बालक को लेकर फरार हो गया था। जब इस वारदात की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया।

देहात कोतवाली में बालक के अपहरण मामले की अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने उस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

- ससुर के साथ शिशु को लेकर इलाज के लिए शहर आई थी युवती
- बालक बरामद होने पर परिजनों के खुशी से छलके आंसू

इसी आधार पर आधार पर अरविंद कुमार वर्मा, सिपाही धर्मेन्द्र गौड़ व सूरज सिंह ने चिलवरिया इलाके में दबिश देकर बालक को सुरक्षित हालत में बरामद कर लिया, और अपहरणकर्ता को धर दबोचा।

अपहर्ता की पहचान खैरीघाट थाने के दुद्धाधारी गांव निवासी अनुपम तिवारी के रूप में हुई है। बालक की बरामदगी से परिजनों ने राहत की सांस ली है, इससे मिली खुशी से उनकी आंखे आंसुओं से नम हो गईं।

# बाइक सवार दो शातिर बदमाशों को दबोचा

## कार्रवाई

बहराइच, संवाददाता। देहात कोतवाली की सबलापुर निवासिनी सुमन देवी पत्नी अशोक कुमार गौतम का पर्स छह नवम्बर को बाइक सवार दो लुटेरे छीन कर फरार हो गए थे। पीड़िता टेम्पो पर सवार थी।

इस मामले में पीड़िता ने अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध केस दर्ज कराया था। एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेकर देहात कोतवाल सत्येन्द्र कुमार सिंह को लुटेरों की गिरफ्तारी के कड़े दिशा निर्देश दिए गए थे। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ सिटी डॉ. जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में रविवार शाम निरीक्षक अपराध संतोष कुमार यादव टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी अमित प्रकाश, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, सिपाही रिंकू कनौजिया, अवधेश कुमार पांडेय, सिपाही अमित कुमार पटेल ने बेड़नापुर शराब दुकान के पास से बाइक सवार दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी में इनके पास से एक अदद पायल व 2,670 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में इन दोनों लुटेरों ने छह नवम्बर की शाम लूट की वारदात कबूल की।

इन दोनों की पहचान हरदी थाने के मोहन पिपरी के मजरे पांडेयपुरवा निवासी बड़कऊ, कटकुईयां निवासी अनूप के रूप में हुई। बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों को लूट व बरामदगी के मामले में जेल भेज दिया गया है।

# आदेश का अनुपालन न किया तो होगी कार्रवाई : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जनपद में लेखपाल से लेकर अन्य कर्मचारी जिलाधिकारी के आदेशों को दरकिनार कर रहे है। इस बात की पुष्टि तब हुई, जब डीएम ने खुद ऑडियो बना कर अपने अधीनस्थ लेखपाल व अन्य कर्मचारियों को चेतावनी दी है।

डीएम डॉ. दिनेश चंद्र बार-बार अपने ऑडियो में कह रहे हैं कि मैं इसे गंभीरता से ले रहा हूं। इससे यह साफ है कि जिले में डीएम के अधीनस्थ कर्मचारी अपनी मनमानी पर आतुर है। डीएम रविवार को नेपाल में आयोजित चुनाव के मद्देनजर सीमा का भ्रमण करने जा रहे थे।

उन्होंने नानपारा से रूपईडीहा के बीच में कई जगह खेतों में पराली जलते हुए देखा। इस पर काफी आहत हुए। उसके बाद उन्होंने एक ऑडियो वायरल किया और कहा कि नानपारा से रूपईडीहा की तरफ आया हूं। कई जगह मैंने खेतों में पराली जलते हुए देखी है। इससे स्पष्ट होता है कि जो बताया जाता है। उसके अनुपालन में आप लोग कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

इसको मैं गंभीरता से लूंगा और आज जहां की घटनाएं आएंगी सेटेलाइट पर, वहां के लेखपाल व जितने भी कर्मचारी हैं उनके विद्ध कार्रवाई करूंगा। रविवार का मतलब यह नहीं कि पराली खेतों में जलाई जाए। मैं इसको गंभीरता से लूंगा और पृथक-पृथक कार्रवाई करूंगा। समस्त जनपद के अधिकारियों के लिए यह संदेश है। यह केवल नानपारा के लिए नहीं है। डीएम के इस ऑडियो को अधीनस्थ कर्मचारी कितनी गंभीरता से लेंगे। यह कार्रवाई ही बताएगी।

### रुपईडीहा जाते समय खेत में पराली जलती देख डीएम ने बनाया ऑडियो

### लेखपाल व अन्य कर्मचारियों को दी गई चेतावनी


**राजा प्रेम सिंह शिक्षा महाविद्यालय बहराइच (उ0प्र0)**

**बी0एड0 2022–24 में EWS कोटे की विज्ञान एवं कला वर्ग की रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश लें**

**सरकारी शुल्क किस्तों में देने की सुविधा।**

**बी0एड0 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।**

**कॉलेज कोड–**

**(i) SF2524 (ii) SF 2525**

**फोन नं0–9450429295, 9532557848**

# जालंधर में व्यापारी की हत्या के बाद बहराइच में छिपे तीन आरोपित बंदी

- पंजाब पुलिस ने छापेमारी कर की गिरफ्तारी
- विशेश्वरगंज स्थित रिश्तेदारी में पहचान छिपाकर रह रहे थे सभी

**जासं,बहराइच** : पंजाब प्रांत के जालंधर में व्यापारी की हत्या के बाद बहराइच में छिपे तीन हत्यारोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित विशेश्वरगंज इलाके में अपनी पहचान छिपाकर रिश्तेदारी में रह रहे थे। इसकी भनक लगते ही पंजाब पुलिस बहराइच पुलिस से संपर्क कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जालंधर लेकर रवाना हो गई।

14 नवंबर को जालंधर सिटी के थाना जालंधर डिवीजन नंबर दो निवासी कपड़ा व्यवसायी कुणाल की कहासुनी के बाद हत्या कर दी गई थी। मामले में गुरप्रीत, शिवदास और दीपक शर्मा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। तीनों आरोपित पुलिस से बचने के लिए बहराइच निवासी अपने रिश्तेदार के घर आकर छिप गए। विशेश्वरगंज इलाके के ग्राम पंचायत गुजराघाट के नतई पुरवा रह रहे हत्यारोपितों की भनक पंजाब पुलिस को लग गई। सर्विलांस के सहारे पंजाब से उपनिरीक्षक हरजीत सिंह , सहायक उपनिरीक्षक बिंदर सिंह, आरक्षी लवप्रीत व तलविंदर बहराइच पहुंचे और विशेश्वरगंज प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष यादव से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। पुलिस टीमों ने गुजराघाट गांव में दबिश देकर तीनों हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया। इसके बाद सभी को पंजाब लेकर चले गए। गिरफ्तारी टीम में स्थानीय थाने का आरक्षी कमलेश कनौजिया व सुनील कुमार भी शामिल रहे।

# साइबर सेल ने वापस करवाई रकम

**बहराइच।** रामगांव थाना क्षेत्र के मिर्जापुरवा निवासी विनोद कुमार के खाते से साइबर ठगों ने 58,800 रुपये गायब कर दिए थे। जिसके बाद पीड़ित ने एसपी कार्यालय पर शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई थी। एसपी केशव कुमार ने साइबर सेल को प्रकरण सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। जिसके बाद सोमवार को साइबर टीम ने पीड़ित के खाते में 44,196 रुपये वापस करवा दिए। साइबर सेल प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है, बावजूद इसके लोग गलतियां कर देते हैं। उन्होंने बताया कि विनोद कुमार के खाते में 44,196 रुपये ट्रांसफर करने की जानकारी उन्हें दे दी गई है। (संवाद)

# पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

**मुर्तिहा (बहराइच)।** मुर्तिहा कोतवाल शशिकुमार राणा ने बताया कि हरखापुर गांव निवासी सूरज पॉक्सो के मुकदमे में वांछित था और फरार चल रहा था। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक शंभूनाथ सिंह, सिपाही शंभू नाथ सिंह व हरि प्रताप शामिल रहे। (संवाद)

# युवती को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बहराइच।** दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र से कुछ दिन पूर्व गायब हुए मासूम के प्रकरण में परिजनों से पैसा ऐंठने के प्रयास में लगी एक युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दरगाह मनोज कुमार ने बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के मौहारी निवासी पूजा देवी गायब बच्चे के परिजनों से पैसा ऐंठने का प्रयास कर रही थी। युवती का कहना था कि उसने बच्चे का अपहरण किया है। लेकिन पूछतांछ में उसने मुंह नहीं खोला है। जिसके बाद युवती को जेल भेज दिया गया है और बच्चे की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# वन अधिकार कानून को सख्ती से लागू करवाने पर चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

**मूर्तिहा (बहराइच)।** वन क्षेत्र बिछिया में सोमवार को वन अधिकार आंदोलन की बैठक हुई। बैठक में वन अधिकार कानून की मौजूदा स्थित पर मंथन कर इसके सख्त क्रियान्वयन की कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक की अध्यक्षता रामप्रकाश सोनी ने की। इस मौके पर सलाहुद्दीन खान ने कहा कि प्रदेश में अब तक 13 जिलों के 93 हजार गांवों में 33 हजार लोगों को अधिकार पत्र प्राप्त हो गया है। अन्य जिलों के मुकाबले जनपद में वन अधिकार कानून के तहत अधिकार पत्र पाने वाले लोगों की संख्या कम है।

रघुवीर वर्मा ने कहा कि वन अधिकार कानून में सभी वन गांवों, पुरानी बसावटों और वन बस्तियों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने का प्रावधान है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं।

बैठक को मोहम्मद सगीर, विमला देवी व रामप्रकाश सोनी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉ. राकेश कुमार, सूर्यदेव, रामसमुझा मौर्या, मनोज कुमार, महेंद्र कुमार, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

# सूचना न देने पर 25 हजार का जुर्माना

**बहराइच।** राज्य सूचना आयुक्त ने जिले के तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट को सूचना देने में हीलाहवाली के आरोप में 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

शहर के कमल पैलेस चौक, घंटाघर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता रोशन लाल नाविक ने दिसंबर, 2019 में जमीन विवाद के मामले में तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सिंह से सूचना मांगी थी जो नहीं दी गई।

रोशन लाल के आवेदन पर सुनवाई करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने तत्कालीन मजिस्ट्रेट को कई बार न्यायालय में तलब कर स्पष्टीकरण मांगा था। तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट ने न ही वादी को सूचना उपलब्ध कराई और न ही स्पष्टीकरण का जवाब दिया।

इस पर राज्य सूचना आयुक्त सुभाषचंद्र सिंह ने तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। संवाद

# पिस्टल के बल पर युवतियों से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक युवक ने ऑटो से जा रही दो युवतियों के साथ चाइनीज पिस्टल के बल पर छेड़छाड़ की। यही नहीं ऑटो व चालक के बैग से नकदी लेकर भागने की कोशिश भी की। लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

हरदी थाना क्षेत्र में सीतापुर-बहराइच हाईवे पर सोमवार शाम लगभग छह बजे दो सगी बहनें बाजार से घर जा रहीं थीं। इसी दौरान एक युवक ने अपनी बाइक ऑटो के आगे लगा दी। ऑटो रुका तो चाइनीज पिस्टल निकालकर धमकाने लगा।

यही नहीं युवक ने पिस्टल दिखाकर युवतियों के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद चालक के बैग से नकदी निकाल ली और ऑटो लेकर भागने लगा। युवतियों के शोर मचाने पर इकट्ठा हुए लोगों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि आरोपी रामगंव के रेहुवा निवासी शरद है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को ले गई मुंबई पुलिस

**बहराइच।** मुंबई में दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर एक युवक बहराइच स्थित अपने घर चला आया था। सोमवार को मुंबई पुलिस उसे गिरफ्तार कर ले गई।

नगर कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि मुंबई के थाने में रिसिया थाना क्षेत्र के कुदरतनपुरवा निवासी वसीम के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के लिए मुंबई पुलिस आई थी। आरोपी वसीम का मेडिकल परीक्षण करवाकर मुंबई पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-11-2022

# 133 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने नेपाली शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सोमवार को मल्हीपुर थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 133 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिकाऊ जायसवाल पुत्र राम प्रसाद निवासी जमुनहा थाना मल्हीपुर के रूप में हुई।

# 154 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। एसपी के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने चेकिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 154 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 97 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# जागरूकता: छात्रों को बताए गए यातायात नियम

**श्रावस्ती, संवाददाता।** यातायात माह नवम्बर के अनुपालन में अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा में सोमवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्रों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें यातायात के नियम बताकर पालन करने की अपील की गई।

जागरूकता कार्यशाला का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके दौरान एसपी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, संकेतों की जानकारी दी और सदैव पालन करने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा छात्रों को अपने परिजनों व सगे संबंधियों को भी यातायात नियमों व संकेतों का पालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा।



छात्रों को यातायात के नियत बताते एसपी अरविन्द कुमार मौर्य।

इस दौरान छात्रों को यातायात जागरूकता के पम्पलेट वितरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि किस प्रकार से यातायात नियमों का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मानव क्षति पर प्रभावी अकुंश लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है। जिसमें लोगों की जान भी चली जाती है। इससे परिवार की खुशियां भी तबाह हो जाती हैं। लेकिन यदि यातायात नियमों का ठीक से पालन किया जाय तो दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा मोबाइल का प्रयोग बिलकुल भी न करें। शराब पीकर वाहन चलाने से बचें, ओवर स्पीड व लापरवाही पूर्वक वाहन बिलकुल भी न चलाएं। एसपी ने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्योति प्रकाश पांडेय, यातायात प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पति व सास-ससुर को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**अदालत से**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश (रेप एलांग विद पोक्सो एक्ट) दिनेश सिंह ने विवाहिता की हत्या के मामले में पति, सास व ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बहराइच जनपद के पयागपुर थाना क्षेत्र के हटवा गोपाल निवासी तीरथ राम पुत्र तिलई ने थाना सोनवा में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसके लड़की की शादी मई 2019 में प्रमोद कुमार उर्फ डगऊ पुत्र गजेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम रघुनाथपुर थाना सोनवा के साथ हुई थी। आरोप लगाया था कि उसकी बेटी के पति व उसके परिवार वालों की ओर से 28 जनवरी 2020 की रात को गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पति व उसके जेठ जेठानी सास ससुर दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। साथ ही धमकी दिया था कि रुपये नहीं दिए तो जान से मार देंगे। दहेज के लालच में मेरी लड़की की हत्या कर दी गई है। मामले में विवेचना हुई। विवेचना में जेठ व जेठानी की संलिप्तता न पाते हुए उनका नाम निकाल दिया गया था। न्यायालय पर मृतका के पति प्रमोद कुमार, मृतका के ससुर गजानन व सास निर्मला के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुआ। अपर जिला सत्र न्यायाधीश दिनेश सिंह अभियुक्त गणों को हत्या के आरोप का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# व्यापारियों ने सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की

श्रावस्ती। पुलिस कार्यालय में सोमवार को व्यापारियों संग मासिक बैठक की गई। व्यापारियों की सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सतीश कुमार शर्मा बैठक में पहुंचे व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली। व्यपारियों की ओर से जाम, अतिक्रमण व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बताया गया। पुलिस उपाधीक्षक की ओर से व्यपारियों को पुलिस विभाग से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। निर्देशित किया गया कि सभी लोग अपने माध्यम से जो भी गार्ड और चौकीदार रखतें हैं उनका पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें। सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था कर लें।

# सड़क पर बाइक चलाते समय लगाएं हेलमेट : एसपी

**• बच्चों को पंफलेट वितरित कर जागरूक करने की अपील**

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा स्थित अलक्षेंद्र इंटर कालेज में यातायात माह के तहत सोमवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं को सड़क हादसों पर अंकुश लगाने, यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया। एसपी ने कहा कि सड़क पर बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं।

एसपी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सड़क हादसों के प्रति लोगों को जागरूक कर हादसों में होने वाली मौत को रोकने के लिए नवंबर में यातायात माह मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों पर जागरूकता से ही अंकुश लगाएगा जा सकता है। सड़क पर चलते समय संकेतकों का ध्यान रखें। बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं। चार पहिया वाहन चलाते हैं तो सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करना होगा। यातायात प्रभारी मनीष पांडेय ने बच्चों को यातायात नियम लिखे पंफ्लेट वितरित कर परिवार के सदस्यों व सगे संबंधियों को भी नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।



अलक्षेंद्र इंटर कालेज भिनगा मे दीप प्रज्वलित कर यातायात कार्यशाला का शुभारंभ करते एसपी अरविंद कुमार मौर्य (दाएं) • जागरण

# नेपाली शराब बरामद

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जमुनहा निवासी बिकाऊ जायसवाल को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 133 शीशी नेपाली शराब बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# शांतिभंग में छह पाबंद

**श्रावस्ती :** शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से अराजकतत्वों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को छह लोगों को पाबंद किया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# 154 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 154 वाहनों का चालान किया गया। एक लाख 97 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। (वि.)

# हत्या के मामले में पति, सास व ससुर को सश्रम आजीवन कारावास

अदालत से

**जासं, श्रावस्ती** : महिला की हत्या के मामले में दोषी पति, सास व ससुर को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बहराइच जिले के पयागपुर क्षेत्र के हटवा गोपाल गांव निवासी तीरथराम ने अपनी बेटी संध्या का विवाह मई 2019 में सोनवा क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी प्रमोद कुमार उर्फ डगऊ के साथ किया था। 28 जनवरी 2020 की रात उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। सोनवा थाने में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश (रेप एलाग विद पाक्सो एक्ट) दिनेश सिंह के न्यायालय पर हुआ। पति प्रमोद कुमार, ससुर गजानन व सास निर्मला को हत्या का दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्ता ने बताया कि अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रविवार रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 133 शीशी नेपाली शराब बरामद की। जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# 154 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से सोमवार चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 154 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 1,97,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# हत्यारे पति व सास-ससुर को उम्रकैद

संवाद न्यूज एजेंसी

## रघुनाथपुर में दो साल पहले दहेज के लिए हुई थी विवाहिता की हत्या

**श्रावस्ती।** सोनवा के रघुनाथपुर में दो वर्ष पूर्व दहेज के लिए हुई विवाहिता की हत्या के मामले में न्यायालय ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया।

न्यायालय ने पति सहित सास-ससुर को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीनों को 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बहराइच के थाना पयागपुर के हटवा गोपाल निवासी तीरथ राम ने 29 जनवरी 2020 को सोनवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

इसमें आरोप था कि उसने पुत्री का विवाह मई 2019 में सोनवा के रघुनाथपुर निवासी प्रमोद कुमार उर्फ डगऊ से किया था। 28 जनवरी 2020 को रात बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। तीरथराम ने बेटी के पति, जेठ-जेठानी व सास-ससुर पर दहेज में दो लाख रुपये मांगने व पैसा न मिलने पर पुत्री की हत्या का आरोप लगाया था। सोनवा पुलिस ने विवेचना में जेठ-जेठानी का नाम निकाल दिया था।

मामले में विचारण के उपरांत सोमवार को अपर जिला सत्र न्यायालय (रेप एलाग विद पॉक्सो एक्ट) दिनेश सिंह ने पति प्रमोद कुमार, ससुर गजानन व सास निर्मला पर हत्या का दोष सिद्ध करते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई।